दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 101 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, गुरूवार 30 अप्रेल, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162

## राजस्थान में 1 मई से जनगणना :

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बोले- राष्ट्र के भविष्य की दिशा तय करने वाला यज्ञ

**मुख्यमंत्री शर्मा ने खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट करके जानकारी शेयर की, राज्य में 1 से 15 मई तक नागरिक 'स्व गणना' कर सकेंगे, 16 मई से 14 जून तक जनगणना कर्मी घर-घर जाकर मकान की गणना करेंगे**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में आगामी 1 मई से जनगणना की शुरुआत हो रही है, पहले नागरिक स्व गणना कर सकते हैं और उसके बाद 16 मई से मकान की गणना की जाएगी प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को यह जानकारी दी है मुख्यमंत्री शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रदेशवासियों के नाम अपना संदेश जारी किया उन्होंने अपने पोस्ट में जानकारी देते हुए लिखा कि राज्य में 1 मई से जनगणना 2027 का शुभारंभ होने जा रहा है, आगामी 1 मई से 15 मई 2026 तक नागरिक स्व गणना कर सकेंगे और 16 मई से 14 जून 2026 तक जनगणना कर्मी घर-घर जाकर मकान की गणना करेंगे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने पोस्ट में आगे लिखा है कि राजस्थान क्षेत्रफल की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य है जनगणना कर्मी लंबी दूरी तय करके आपके द्वार आएंगे राजस्थान की अतिथि सत्कार की परंपरा को निभाते हुए उन्हें सही जानकारी प्रदान करें आज आपकी ओर से दी गई सही सूचना कल के विकसित राजस्थान और विकसित भारत के सपने को सरकार करेगी, मुख्यमंत्री शर्मा ने पोस्ट में जनगणना से संबंधित लिंक भी शेयर किया है अपने वीडियो संदेश में मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि भारत की जनगणना 2027 सिर्फ आंकड़ों का संकलन नहीं है बल्कि राष्ट्र के भविष्य की दिशा तय करने वाला यज्ञ है यह वह आधार है जिस पर शासन की परियोजनाएं, संसाधनों का वितरण और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की पहुंच सुनिश्चित होती है, राजस्थान राज्य में जनगणना के पहले चरण में मकान की सूची बनाने का काम और मकान की गणना का कार्य 16 मई से 14 जून तक घर-घर जाकर किया जाएगा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संदेश में आगे कहा है कि 1 मई से नागरिकों को स्व गणना का अवसर मिलेगा जिससे हर नागरिक इस राष्ट्रीय दायित्व का सहभागी बन सकेगा मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना के कार्य में सहयोग देना, जैसे भावनाओं और मकान पर जनगणना क्रमांक अंकित कर देना और मकान की गणना से संबंधित प्रश्नों के सत्य पूर्ण और स्पष्ट उत्तर देना विधि द्वारा निर्धारित कार्य है, उन्होंने अपने संदेश में प्रदेशवासियों से आग्रह करते हुए कहा कि जनगणना को केवल कानूनी बाध्यता के रूप में नहीं बल्कि सामाजिक न्याय के अवसर के रूप में अपनाएं, आपसे आग्रह है कि मकान और परिवार से संबंधित सटीक, सत्य और पूर्ण जानकारी प्रदान कर आप इस महान राष्ट्रीय यज्ञ में अपनी आहुति दें ।




### शिक्षकों के तबादलों पर लग सकता है लंबा ब्रेक

इस बड़े राष्ट्रीय अभियान को पूरा करने के लिए राजस्थान में करीब 1 लाख 60 हजार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिनमें सबसे बड़ी संख्या शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की ह। ऐसे में लंबे समय से अपने ट्रांसफर का इंतजार कर रहे शिक्षकों को तगड़ा झटका लग सकता है। जनगणना कार्य निदेशालय के निदेशक बिष्णु चरण मल्लिक के मुताबिक, जो कर्मचारी अभी पहले चरण में ड्यूटी कर रहे हैं, वही फरवरी 2027 में शुरू होने वाले दूसरे चरण में भी काम करेंगे।

### पहली बार घर बैठे खुद करें अपनी गणना

यह पहली बार है जब भारत में लोगों को वेब पोर्टल के जरिए अपनी जानकारी खुद भरने का मौका मिल रहा ह। अगर आप दिए गए लिंक पर जाकर अपनी डिटेल खुद भर देते हैं, तो जब कर्मचारी आपके घर आएंगे, तो आपका बहुत सारा समय बचेगा। ध्यान रहे, ऑनलाइन स्व-गणना का ऑप्शन चुनने के बाद भी कर्मचारी वेरिफिकेशन के लिए आपके घर जरूर आएंगे, लेकिन तब आपको फॉर्म भरने की लंबी कागजी प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा।

### जनगणना के नाम पर साइबर फ्रॉड से बचें

पूरी प्रक्रिया के डिजिटल होने की वजह से साइबर ठग भी इसका फायदा उठा सकते हैं. इसलिए प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है. आपके घर आने वाले जनगणना कर्मचारी आपसे सिर्फ आपका मोबाइल नंबर और ऑनलाइन स्व-गणना करने पर मिली SE ID ही मांगेंग। कर्मचारी आपसे कोई भी OTP नहीं मांगेंगे। अगर कोई आपसे ओटीपी मांगता है, तो समझ लीजिए वह फ्रॉड है। किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी शेयर न करें।

## दिया कुमारी का 'विश्व नृत्य दिवस' पर दिल बाग बागः

# राजस्थानी लोक नृत्य को दिलाई वैश्विक पहचान



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश की उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को विश्व पर्यटन दिवस पर लोगों को शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि राजस्थान का लोक नृत्य समृद्ध सामाजिक विरासत का जीवंत प्रतीक है जिसने राजस्थान को पूरे विश्व में एक अलग पहचान दिलाई है, इसमें कोई संदेह नहीं है पिछले 2 साल में पर्यटन मंत्री के रूप में दिया कुमारी ने राजस्थान की पारंपरिक विरासत, वेशभूषा, खानपान, लोक नृत्य, लोक संगीत और प्रदेश भर के छोटे-बड़े सभी पर्यटन स्थलों को विश्व पटल पर शानदार ढंग से प्रचारित करके राजस्थान की सामाजिक संस्कृति को एक अलग पहचान दिलाई है पिछले 2 साल में विश्व के जो देश जिन्हें ठीक तरह से राजस्थान की कला संस्कृति और पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी नहीं थी उन तक भी राजस्थान के पर्यटन स्थलों, कला संस्कृति लोक संगीत लोक नृत्य वेशभूषा खानपान इत्यादि सभी के बारे में प्रभावी रूप से जानकारियां पहुंचाई गई है इसलिए प्रदेश में देश और विदेश के पर्यटकों की संख्या में पिछले दो साल में जबरदस्त बढ़ोतरी भी हुई है लेकिन इन सब में राजस्थानी लोक नृत्य को जो पहचान दिया कुमारी ने विश्व भर में दिलाई है उसके चर्चा पर्यटन जगत से जुड़े लोग खूब करते हैं बुधवार को विश्व नृत्य दिवस के अवसर पर दिया कुमारी ने राजस्थानी लोक नृत्य को विश्व भर में और पॉपुलर बनाने के प्रयासों को गति देने का संकल्प लिया है इसके लिए राजस्थानी लोक नृत्य से जुड़े कलाकारों और राजस्थानी लोक नृत्य का आयोजन करवाने वाली विभिन्न तरह की संस्थाओं को समुचित संसाधन उपलब्ध करवाने के साथ-साथ राजस्थानी लोक नृत्य को स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी स्तर पर ज्यादा से ज्यादा लोकप्रिय बनाने के प्रयासों को और गति देने का प्रयास भी प्रदेश सरकार की ओर से किया जा रहा है वैसे राजस्थानी लोक नृत्य पहले से ही स्कूली और कॉलेज छात्राओं में काफी पॉपुलर रहा है और शहरों से लेकर गांव तक राजस्थानी लोक नृत्य के प्रति लोगों का लगाव और जुड़ाव देखते ही बनता है इस मामले में दिया कुमारी भी पीछे नहीं है कई बार महिलाओं के कार्यक्रम में दिया कुमारी को महिलाओं के साथ राजस्थानी लोक नृत्य करते हुए आसानी से देखा गया है राजस्थानी लोक नृत्य को देश और विदेश के पर्यटक भी काफी पसंद करते हैं और विदेशी पर्यटक खुद राजस्थानी वेशभूषा पहनकर लोक नृत्य करते हुए अक्सर देखे जाते हैं इसलिए राजस्थानी लोक नृत्य के प्रति देश और विदेश के लोगों के जबरदस्त आकर्षण को देखते हुए ही किया कुमारी ने पर्यटन मंत्री के रूप में राजस्थानी लोक नृत्य को वैश्विक मंच पर एक अलग पहचान दिलाने का प्रयास किया जिसमें काफी हद तक उन्हें सफलता भी मिली है पिछले 2 साल में राजस्थान सरकार की ओर से आयोजित किए गए बड़े-बड़े कल्चर प्रोग्राम का लाइव प्रसारण, तीज और गणगौर की सवारी का लाइव प्रसारण तथा सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म के माध्यम से राजस्थानी लोक नृत्य का दुनिया भर में प्रभावित और से प्रचार प्रचार किया जिन्हें देखकर दुनिया भर के लोग काफी रोमांचित और खुश दिखे इसीलिए बुधवार को विश्व नृत्य दिवस पर दिया कुमारी ने राजस्थानी लोक नृत्य के प्रति अपनी दिल की भावना प्रकट की ।

# एक्टिव मंत्री जवाहर सिंह बेढम की कई विभाग के अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक, डीग में विकास प्रोजेक्ट और योजनाओं की की समीक्षा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश की भजनलाल सरकार में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम को काफी एक्टिव मंत्री के रूप में दर्जा मिला हुआ है, मंत्री के रूप में इनका अब तक का कार्यकाल काफी उत्कृष्ट माना जा रहा है इसीलिए मंत्रिमंडल में इन्हें पूरा सम्मान मिला हुआ है और एक सक्रिय मंत्री के रूप में इन्होंने अपनी पहचान भी बनाई है, बेढम की विशेषता यह है कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी जाती है चाहे वह सरकार से जुड़ी हुई हो या फिर पार्टी के संगठन से जुड़ी हर जिम्मेदारी को उन्होंने बहुत ही शानदार तरीके से निभाया है अपनी जिम्मेदारी और कार्य को लेकर गुर्जर समाज का यह दबंग नेता कितना एक्टिव रहता है इसकी झलक मंगलवार को डीग जिलाधीश कार्यालय में उस समय देखने को मिली जब जिला कलेक्टर मयंक मनीष और विभिन्न विभागों के बड़े अधिकारियों के साथ लंबी मैराथन बैठक लेकर जिले में चल रही एक-एक जनकल्याणकारी योजनाओं का न केवल फीडबैक लिया बल्कि जिले में चल रहे विभिन्न तरह के विकास प्रोजेक्ट के बारे में फीडबैक भी लिया और भीषण गर्मी के बावजूद कई जगहों पर जाकर उन्होंने विकास प्रोजेक्ट के निर्माण कार्यों का अवलोकन भी किया जिलाधीश कार्यालय में संपादित हुई इस बैठक में भीषण गर्मी में जिले के लोगों को समुचित पीने का पानी उपलब्ध करवाने की दिशा में संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश



दिए और कहा कि जिले के उन दूर दराज इलाकों का भी ध्यान रखना है जहां पर भीषण गर्मी से पानी के डिमांड ज्यादा हो जाती है गृह राज्य मंत्री ने विशेष तौर से पानी, बिजली, सड़क, चिकित्सा जैसी आधारभूत सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को ज्यादा गंभीरता और ज्यादा एक्टिव होकर कार्य करने की नसीहत दी और कहा कि केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न तरह की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचे इसके बारे में नियमित रूप से संबंधित अधिकारियों को योजनाओं की क्रियान्वयन का अपडेट लेने के दिशा निर्देश दिए गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह नगर विधानसभा सीट से विधायक हैं पूर्व में पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद के सदस्य भी रह चुके हैं तथा गुर्जर समाज के अग्रज नेताओं में उनकी गिनती होती है एक सफल व्यापारी और वकील के रूप में भी इन्होंने खुद को साबित करके दिखाया है और एक उत्कृष्ट और श्रेष्ठ राजनेता के रूप में भी इन्हें प्रसिद्धि मिली हुई है इसलिए डीग जिला ही नहीं बल्कि पूरे भरतपुर जिले की भौगोलिक,सामाजिक आर्थिक और व्यावसायिक परिस्थितियों कि इन्हें बहुत अच्छी जानकारी है इलाके में हर एक गांव की समस्याओं के बारे में इन्हें अच्छी तरह से नॉलेज है इसीलिए मंगलवार को आयोजित बैठक में इन्होंने सभी सरकारी विभागों के बड़े अधिकारियों से जिले के लोगों की समस्याओं का त्वरित गति से निस्तारण करने को भी कहा और अधिकारियों को निरंतर फील्ड में जाकर लोगों से संवाद करके उनकी समस्याओं को जानकर उनके निराकरण करने के प्रभावी प्रयासों के बारे में अधिकारियों को निर्देशित भी किया इसके अलावा राजस्व संबंधी और ग्राम पंचायत संबंधी विकास कार्यों और समस्याओं को भी गंभीरता से लेने को कहा गृह राज्य मंत्री ने प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के सानिध्य में चल रहे जिले में विभिन्न तरह के विकास कार्यों के बारे में संबंधित अधिकारियों को साफ कहा है कि निर्धारित अवधि में कार्य पूरे हो और गुणवत्ता और ईमानदारी के साथ काम हो, किसी भी तरह की शिकायत और लापरवाही बरतने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात भी गृह राज्य मंत्री ने कही ।

# नीट परीक्षा की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव ने की समीक्षा बैठक, सुरक्षा और व्यवस्थाओं के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में बुधवार को शासन सचिवालय में आगामी 3 मई को होने वाली नीट परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने अधिकतम परीक्षा केंद्रों वाले और सीमावर्ती जिलों के कलेक्टर और एसपी से वीसी के माध्यम से व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर उचित छाया, पेयजल और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था के साथ नजदीकी अस्पताल में ओआरएस के पैकेट और एम्बुलेंस उपलब्ध रखने के भी निर्देश दिए। साथ ही, अभ्यर्थियों और आमजन की सुविधा के लिए सुरक्षा और परिवहन की उचित व्यवस्थाओं की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने बताया कि नीट परीक्षा का आयोजन प्रदेश के 27 जिलों के 611 केन्द्रों पर होगा। उन्होंने संवेदनशील जिलों जैसे जयपुर, कोटा, सीकर, धौलपुर, और कोचिंग हब और बॉर्डर जिलों में अतिरिक्त निगरानी के निर्देश दिए। इस परीक्षा के दौरान राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा जीरो टोलरेंस नीति को अपनाया जाएगा। इस आधार पर अभ्यर्थियों और परीक्षा पर्यवेक्षकों को निम्न बातों का ध्यान रखना



होगा। परीक्षा केन्द्रों पर अनाधिकृत प्रवेश पूर्णतः वर्जित होगा। किसी भी स्तर पर कोई भी जानकारी लीक होने पर तत्काल आपराधिक कार्रवाई और पुनर्विचार शुरू हो जाएगा। सुरक्षा कक्ष, परिवहन केंद्र या केंद्र की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक को आपराधिक लापरवाही माना जाएगा। सोशल मीडिया लीक-ऑनलाइन उपलब्ध कोई भी प्रश्नपत्र सामग्री, FIR और साइबर अपराध का कारण बन सकती है। समय से पहले बाहर जाना प्रतिबंधित है।

बैठक में महानिदेशक पुलिस (कानून एवं व्यवस्था) श्री संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा के सफल आयोजन के लिए उचित मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा के दिन परीक्षा केन्द्रों के 300 मीटर के दायरे में ई मित्र फोटो कॉपी और साइबर कैफ़े जैसी दुकानें बंद रहेंगी। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा शांति और निष्पक्षता के साथ हो इसके लिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करेंगे। बैठक के दौरान परिवहन विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री भवानी सिंह देथा ने बताया कि नीट परीक्षा के वाले दिन सभी जिलों के आरटीओ और डीटीओ को परिवहन के उचित इंतज़ाम के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, परीक्षा वाले दिन सभी अभ्यर्थियों के लिए रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा की व्यवस्था भी रहेगी।




अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
30 अप्रैल, 2026

# नेता प्रतिपक्ष जूली ने जाना जनता का दर्द

## अलवर से सिकन्दरा सड़क को चार लेन में चौड़ाईकरण का कार्य करवाये जाने की रखी मांग, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को लिखा पत्र



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अलवर से सिकन्दरा सड़क को चार लेन में चौड़ाईकरण का कार्य करवाये जाने के संबंध में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में लिखा कि घारूहेडा से अलवर सिकन्दरा स्टेट हाईवे-25 सड़क वर्तमान में धारूहेड़ा से अलवर तक 4 लेन में बनी हुई है तथा अलवर से सिकन्दरा तक 2 लेन में बनी हुई है। ये सड़क अलवर को जयपुर से जोड़ने वाली तथा एनएच-48, एनएच-921, एनएच-248ए, एनएच-21 तथा एनई-4 को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क है। इस सड़क पर कोठी नारायणपुर में मिलने वाली एनएच-921 सड़क का भी 4 लेन चौड़ाईकरण का कार्य स्वीकृत है।अब शेष अलवर से सिकन्दरा सड़क 2 लेन चौडाई में है जिस पर आये दिन दुर्घटना हो रही है।उन्होंने उक्त अलवर से सिकन्दरा सड़क का चौडाईकरण का कार्य स्वीकृत करने की मांग की है।

# सिख समुदाय के लोगों ने टेल्को चौराहे से राव तुलाराम सर्किल तक की सड़क का नाम पंथ रतन ज्ञानी संतसिंह मस्कीन मार्ग करने पर वन राज्यमंत्री का जताया आभार



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा से उनके आवास 201 रघुमार्ग पर अलवर गुरुमत प्रचार कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर टेल्को चौराहे से राव तुलाराम सर्किल तक की सड़क का नाम पंथ रतन ज्ञानी संतसिंह मस्कीन मार्ग करने पर आभार जताया। इस पर वन राज्यमंत्री शर्मा ने गुरुमत प्रचार कमेटी के प्रतिनिधि मंडल को साधुवाद देते हुए कहा कि हमारे संतों एवं गुरूओं ने एकजुटता, भाईचारे एवं सौहार्द के साथ रहने का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि ज्ञानी संत सिंह मस्कीन को गुरबानी और गुरमत के गहन ज्ञान के लिए पंथ रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया।

# ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

## पीएनबी आरसेटी में निःशुल्क चूड़ी निर्माण का 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (पीएनबी आरसेटी) द्वारा चूड़े (चूड़ियाँ) बनाने का 6 दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मई माह के प्रथम सप्ताह में सामुदायिक भवन, केशव नगर स्कीम नंबर 13, प्रतापबास (अलवर) स्थित संस्थान परिसर में आयोजित होगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों के लिए रहने, खाने, चाय-नाश्ते की निःशुल्क व्यवस्था की जाएगी। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा, जिससे वे स्वरोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें। संस्थान प्रशासन के अनुसार इच्छुक महिलाएं कार्यालय में जाकर आवेदन कर सकती हैं। अधिक जानकारी के लिए 0144-2940830, 9462194801, 9413908044 पर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

**पात्रता शर्तें**

आयु 18 से 50 वर्ष के बीच हो।

अलवर, खैरथल-तिजारा व कोटपुतली-बहरोड़ जिले के किसी भी गांव की स्थायी निवासी हो।

न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास हो।

स्वयं सहायता समूह, बीपीएल, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा, प्रधानमंत्री आवास योजना या प्रधानमंत्री अंत्योदय योजना से जुड़े परिवार से संबंधित हो।

यह पहल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# नशे के खिलाफ सख्तीः स्कूल-कॉलेजों के आसपास बिक्री पर रोक, जागरूकता बढ़ाने के निर्देश

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में नशे के खिलाफ अभियान को तेज करने के लिए जिला स्तरीय नार्को कॉर्डिनेशन कमेटी की बैठक जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्रीनिधि बी.टी. की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों से दूर रखने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने और अवैध बिक्री पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर ने सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता को नशा मुक्ति अभियान की प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर उसे गांव-शहर तक लागू करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि महाविद्यालयों व विद्यालयों के आसपास बीड़ी, सिगरेट, गुटखा व तंबाकू जैसे नशीले पदार्थों की बिक्री पर सख्ती से रोक सुनिश्चित की जाए। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने अवैध मादक पदार्थों के भंडारण व तस्करी पर कड़ी निगरानी रखने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन से अपील की कि नशे से जुड़े किसी भी अवैध कारोबार की सूचना तुरंत पुलिस को दें। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में नियमित रूप से जागरूक किया जाए, ताकि युवा पीढ़ी इस बुराई से दूर रह सके।

# भिवाड़ी में जिला प्रभारी सचिव पूनम ने ली अधिकारियों की बैठक, एसटीपी का किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निस)।** जिला प्रभारी सचिव एवं महिला एवं बाल विकास विभाग सचिव पूनम ने बुधवार को भिवाड़ी में अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की तथा एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान प्रभारी सचिव ने रीको अधिकारियों को निर्देशित किया कि औद्योगिक इकाइयों को उनकी निर्धारित श्रेणियों के अनुसार ही संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि इकाइयों का उचित वर्गीकरण कर उसी अनुरूप उत्पादन





सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या अवैध गतिविधि पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक में श्रमिक हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा करते हुए औद्योगिक इकाइयों को श्रम कानूनों एवं निर्धारित नियमों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, उन्होंने औद्योगिक इकाइयों के पदाधिकारी को श्रमिकों एवं प्रबंधन के बीच आपसी समझाइश और सतत संवाद के माध्यम से औद्योगिक शांति बनाए रखने की अपील की गई। उपआयुक्त श्रम विभाग ने बताया कि राज्य सरकार के स्तर पर न्यूनतम वेतन के पुनरीक्षण की प्रक्रिया वर्तमान में प्रगतिरत है, जिससे श्रमिकों को भविष्य में और अधिक लाभ मिलने की संभावना है। उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) को निर्देश दिए कि सभी कंटीन्जेंसी कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाएं, ताकि ग्रीष्म ऋतु में आमजन को स्वच्छ पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। भीषण गर्मी को देखते हुए चिकित्सा विभाग को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि अस्पतालों में हीट स्ट्रोक से प्रभावित मरीजों के उपचार हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही ओआरएस, ग्लूकोज एवं अन्य आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। आगामी वर्षा ऋतु की तैयारियों की समीक्षा करते हुए प्रभारी सचिव ने नगर परिषद भिवाड़ी आयुक्त को ड्रेनेज सिस्टम की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति से बचा जा सके। इससे पूर्व उन्होंने एसटीपी का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजना को निर्धारित समय-सीमा से पूर्व पूर्ण किया जाए तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

# एचपीवी टीकाकरण अभियान तेज, 14-15 वर्ष की बालिकाओं को लगेगा निःशुल्क टीका

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मंजु शर्मा ने बताया कि बालिकाओं के लिए चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान को लेकर जिला एवं ब्लॉक स्तर पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पुनः आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। यह अभियान बेटियों के सुरक्षित, स्वस्थ और सशक्त भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आमजन एवं अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की सभी बालिकाओं का टीकाकरण अवश्य करवाएं। यह निःशुल्क टीकाकरण राजकीय सैटेलाइट हॉस्पिटल, उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध है। डॉ. शर्मा ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। समय पर टीकाकरण से इस गंभीर बीमारी से प्रभावी सुरक्षा संभव है। भारत में महिलाओं में होने वाले कैंसरों में सर्वाइकल कैंसर का दूसरा स्थान है, जिसे देखते हुए यह टीकाकरण अत्यंत



आवश्यक हो जाता है।

**मुख्य बिंदुः**

* 14-15 वर्ष की बालिकाओं को निःशुल्क एचपीवी टीका
* सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों पर उपलब्ध सुविधा
* सर्वाइकल कैंसर से बचाव में कारगर

स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे इस जनस्वास्थ्य अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें और अपनी बेटियों का समय पर टीकाकरण सुनिश्चित करें।

# भारत विकास परिषद अरावली शाखा, अलवर ने किया नई कार्य योजनाओं का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारत विकास परिषद अरावली शाखा, अलवर ने शपथ ग्रहण के बाद बुधवार को नयी कार्य योजनाओं का आरंभ किया। यह आयोजन नंदी गौशाला कांजी हाउस, बुद्ध विहार में गौ सवामणि के साथ किया। अरावली शाखा सचिव अणिमा गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन अवसर पर लगभग 400 गौ माताओं को हरी सब्जियां, गुड़ एवं पशु आहार खिलाकर सेवा की गई। अरावली शाखा ने बेजुबान पक्षियों के लिए 150 परिंडे लगाने का संकल्प लिया जो कि कुछ दिनों में ही शहर में अगल-अलग जगह लगाए जाएंगे। इसकी शुरुआत आज गौ शाला में 15 परिंडे लगाकार की गई। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष सीताराम गुप्ता ने जीव सेवा का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सुनील खण्डेलवाल (प्रान्तीय उपाध्यक्ष) द्वारा अरावली शाखा के नए सदस्यों का सम्मान किया, जिनमें सतीश कुमार गुप्ता व अनिल बंसल प्रमुख रहे जिन्होंने गौ सवामणि की सारी व्यवस्थाओं में पूरा सहयोग किया। आशा मित्तल ने सभी सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष सुनील खण्डेलवाल की उपस्थिति के साथ, प्रांतीय संयोजक सेवा मधुर अग्रवाल, अध्यक्ष सीताराम गुप्ता, सचिव अणिमा गुप्ता, सेवा संयोजक सुनीता गुप्ता, महिला सहभागिता प्रिया खण्डेलवाल, सम्पर्क संयोजक राकेश खण्डेलवाल, शाखा मीडिया प्रभारी पीयूष गर्ग, संयुक्त सचिव अशोक गोयल, सचिन गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, राजेश विजय, राजकुमार गुप्ता, रविंद्र गर्ग सहित शाखा के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने सेवा कार्यों की सराहना करते हुए समाजहित में ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

# जिला कलक्टर ने किया निर्माणाधीन पनियाला-अलवर-बडौदामेव इंटरकॉरिडोर एनएच 148 बी का निरीक्षण

## परियोजना को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने भारतमाला परियोजनान्तर्गत जिले में निर्माणाधीन पनियाला-अलवर-बडौदामेव इंटरकॉरिडोर एनएच 148 बी का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे के अंतर्गत ग्राम गाजीका, जुगरावर तथा शीतल में इंटरचेंज, फ्लाई ओवर की निर्माण स्थिति एवं परियोजना के पूरे होने की संभावित अवधि, जिले में मार्ग के विस्तार एवं निर्माण में आ रही समस्या के संबंध में अधिकारियों से फीडबैक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजना को नियत समयावधि में पूर्ण कराने के साथ कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि एक्सप्रेस-वे निर्माण के अंतर्गत रोड सेफ्टी के सम्पूर्ण पैरामीटर की पूर्णतः पालना सुनिश्चित की जाए। साथ ही एक्सप्रेस-वे पर निर्धारित स्थानों पर साइनेज इत्यादि का भी विशेष ध्यान रखा जावे तथा एक्सप्रेस-वे के आसपास के क्षेत्र में पौधारोपण भी कराया जावे। उल्लेखनीय है कि भारतमाला परियोजना अंतर्गत अलवर जिले में निर्माणाधीन पनियाला-अलवर-बडौदामेव इंटरकॉरिडोर एनएच 148 बी का निर्माण 784 करोड की लागत से कराया जा रहा है। इस परियोजना के पूर्ण होने से अलवर से दिल्ली एवं अलवर से मुम्बई तक की यात्रा में समय की बचत होगी। इस दौरान भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, पीआईयू के अधिकारी, कलसंटेंट एवं निर्माण एजेंसी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एलन इंस्टीट्यू में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन




## अपने विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने एवं साइबर अपराधों से सतर्क रहने का दिया संदेश

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर अनंत भंडारी के मार्गदर्शन तथा सचिव मोहनलाल सोनी के आदेशानुसार एलन इंस्टीट्यू, एन ई बी, सुभाष नगर, अलवर में विधिक जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में पीएलवी रेखा महलावत द्वारा लगभग 150 लाभार्थियों को सड़क सुरक्षा एवं मोटर वाहन दुर्घटनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान मोटर एक्सीडेंट क्लेम (क्ष्रूट्ज्ञ), दुर्घटना मुआवजा प्राप्त करने की प्रक्रिया तथा बीमा दावे से संबंधित आवश्यक जानकारी सरल एवं प्रभावी तरीके से समझाई गई। साथ ही दुर्घटना की स्थिति में अपनाई जाने वाली आवश्यक सावधानियों एवं विधिक प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इसके अतिरिक्त 'ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूज्डे' के अंतर्गत साइबर अपराध विषय पर भी जागरूकता प्रदान की गई। वर्तमान समय में बढ़ते ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, ओ टी पी फ्रॉड एवं बैंकिंग फ्रॉड जैसी घटनाओं को देखते हुए उपस्थित लाभार्थियों को साइबर सुरक्षा के उपायों एवं सावधानियों के बारे में जागरूक किया गया तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। शिविर में प्रतिभागियों को साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा पॉक्सो एक्ट से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई। साथ ही यह अवगत कराया गया कि किसी भी प्रकार की निःशुल्क विधिक सहायता हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर से संपर्क किया जा सकता है। अंत में सभी लाभार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, अपने विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने एवं साइबर अपराधों से सतर्क रहने का संदेश दिया गया।

# जिला कलक्टर ने ली जल संचय जन भागीदारी अभियान की समीक्षा बैठक

## 15 मई तक जिले में बनेंगे 29 हजार जल संरक्षण स्ट्रक्चर



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में जल संचय जन भागीदारी अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें उन्होंने विकास अधिकारियों को 15 मई तक दिए गए लक्ष्य को अर्जित कर 29 हजार जल संरक्षण स्ट्रक्चर तैयार करने हेतु दिशा-निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने जल संचय जन भागीदारी अभियान की ब्लॉकवार समीक्षा कर 21 हजार से अधिक जल संरक्षण स्ट्रक्चर बनाने पर कार्य की सराहना करते हुए कहा कि लक्ष्य के अनुरूप 15 मई तक प्रगतिरत शेष करीब 9 हजार और जल संरक्षण स्ट्रक्चर तैयार करावे। साथ ही उन्होंने विगत वर्ष जिले को केंद्र सरकार द्वारा पुरस्कार स्वरूप मिले 25 लाख रूपये के जल संरक्षण कार्यों के प्रस्ताव तैयार करने हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने उप वन संरक्षक अलवर एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि समन्वय स्थापित कर वन विभाग के क्षेत्र में कराए गए जल संरक्षण के कार्यों का जीओ टेगिंग कराकर पोर्टल पर अपलोड करें तथा वन विभाग को जल संरक्षण स्ट्रक्चर कार्य में तकनीकी सहायता भी उपलब्ध कराई जाए।

बैठक में जिला परिषद के सीईओ सालूखे गौरव रविन्द्र, उप वन संरक्षण अलवर राजेन्द्र हुड्डा, एसीईओ आरती गुप्ता, मनरेगा के अधीक्षण अभियन्ता नरेन्द्र लक्खीवाल सहित संबंधित अधिकारी एवं समस्त बीडीओ मौजूद रहे।

# चंबल किनारे मगरमच्छ दो बेटों के सामने पिता को घसीट कर नदी में ले गया, कई घंटे बाद मृत मिला पिता

**जयपुर(कास.)** प्रदेश के कोटा के खतौली थाना इलाके में अपने दो बच्चों के साथ भेड़ चरा रहे 45 साल के एक व्यक्ति को चंबल नदी के किनारे मगरमच्छ घसीट कर नदी में ले गया, मगरमच्छ ने अपने जबड़े में व्यक्ति का पांव बुरी तरह से पकड़े हुए था इसलिए वह व्यक्ति को आसानी से घसीट कर नदी में ले गया बाद में बच्चों के चिल्लाने पर आसपास के लोग मौके पर आए पुलिस और प्रशासन से जुड़े अधिकारी भी मौके पर पहुंचे काफी देर तक गोताखोर नदी में व्यक्ति की तलाश करते रहे बाद में वह व्यक्ति जिंदा तो नहीं लेकिन मृत अवस्था में जरूर मिल गया जिसकी बॉडी का पोस्टमार्टम करवा कर बॉडी को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है यह कोई पहला मामला नहीं है जब किसी नदी के किनारे मगरमच्छ ने इस तरह से इंसान पर हमला बोला हो इससे पहले भी प्रदेश में कई जगहों पर इस तरह की दुर्घटनाएं हो चुकी है लेकिन इसके बावजूद भी लोग लापरवाही से नदी के किनारे खड़े रहते हैं या फिर पानी पीना या फिर जानवरों को पानी पिलाते रहते हैं इस दौरान मगरमच्छ घात लगाकर इंसानों पर हमला बोल देते हैं चंबल नदी के किनारे इस तरह की घटनाएं धौलपुर जिले में भी कई बार देखने को मिली है जानकारी के अनुसार कोटा के खतौली थाना इलाके के घटोत गांव में माधव लाल गुर्जर अपने दोस्त बच्चों के साथ चंबल नदी के किनारे भेड़ चरा रहा था इस दौरान ही मगरमच्छ ने माधव लाल गुर्जर पर हमला बोल दिया और उसके पांव अपने मुंह में जकड़ लिए और फिर उसे घसीट कर नदी में ले गया।

# ज्ञान भारतम मिशनः राजस्थान अग्रणी, 15 लाख से अधिक पांडुलिपियों का सर्वे; मुख्य सचिव ने दिए लक्ष्य-केंद्रित निर्देश

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** भारत की समृद्ध बौद्धिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए संचालित ज्ञान भारतम मिशन में राजस्थान ने देश में अग्रणी स्थान हासिल किया है। मंगलवार को शासन सचिवालय में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए पांडुलिपियों के लक्ष्य-केंद्रित सर्वे और संरक्षण के निर्देश दिए गए।

मुख्य सचिव ने कहा कि जिन अधिकारियों को संबंधित लिपियों की समझ हो, उन्हें ही नोडल अधिकारी बनाया जाए। संस्कृत पांडुलिपियों के लिए संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्षों को नोडल अधिकारी नियुक्त करने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि भारत के इतिहास में महत्वपूर्ण प्रभाव रखने वाली प्रमुख पांडुलिपियों का प्राथमिकता से संकलन किया जाए।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में अब तक 15 लाख 21 हजार 34 पांडुलिपियों का सत्यापन किया जा चुका है, जो देश में सर्वाधिक है। मिशन का उद्देश्य पांडुलिपियों का सर्वेक्षण, संरक्षण, डिजिटलीकरण और व्यापक प्रसार करना है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ सकें। जिला स्तर पर जयपुर 4,91,688 पांडुलिपियों के साथ पहले स्थान पर है, जबकि बीकानेर (3,39,740) और जोधपुर (1,90,847) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर को नोडल विभाग तथा राजस्थान संस्कृत अकादमी, जयपुर के निदेशक को राज्य नोडल अधिकारी बनाया गया है।

मिशन के तहत जिला कलेक्टरों द्वारा नामित नोडल अधिकारी सर्वे की निगरानी कर रहे हैं। सर्वे में शिक्षकों, पुस्तकालयाध्यक्षों और विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को शामिल किया गया है, जो घर-घर जाकर मंदिरों, मठों, निजी पुस्तकालयों व शोध संस्थानों में पांडुलिपियों की पहचान और सत्यापन कर रहे हैं।

बैठक में यह भी बताया गया कि ज्ञान भारतम ऐप के माध्यम से आमजन भी अपने पास रखी 75 वर्ष पुरानी पांडुलिपियों को पंजीकृत करवा सकते हैं। इस प्रक्रिया में पांडुलिपि स्वामियों के अधिकारों और सांस्कृतिक संवेदनशीलता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार, शासन सचिव शुची त्यागी, आयुक्त राकेश शर्मा, अनुराधा गोगिया, गोमती शर्मा, पंकज धीरेन्द्र, डॉ. नितिन गोयल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि धौलपुर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी. टी. वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

## 4 रेलसेवाओं का मार्ग के कुछ स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा 4 रेलसेवाओं का मार्ग के कुछ स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 14620, फिरोजपुर कैंट-अगरतला एक्सप्रेस रेलसेवा का 4 मई से अगरतला स्टेशन पर एवं गाडी संख्या 14619, अगरतला-फिरोजपुर कैंट एक्सप्रेस रेलसेवा का आगामी 7 मई से मार्ग के अगरतला, आमबासा, धर्मनगर, पाथारकांदी, न्यू करीमगंज, बदरपुर, न्यू हाफलंग, लामडिंग, होजाई, जागीरोड एवं गोवाहाटी स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। गाडी संख्या 15910, लालगढ-डिब्रुगढ अवध असम एक्सप्रेस रेलसेवा का 30 अप्रैल से डिब्रुगढ स्टेशन पर एवं गाडी संख्या 15909, डिब्रुगढ- लालगढ अवध असम एक्सप्रेस रेलसेवा का आगामी 5 मई से मार्ग के डिब्रुगढ, न्यू तिनसुखिया, नाहरकटिया, भोजो, लाकवा, षिमलगुडी एवं मरियानी स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। गाडी संख्या 19615, उदयपुर सिटी-कामाख्या एक्सप्रेस रेलसेवा आगामी 4 मई से कामाख्या स्टेशन पर एवं गाडी संख्या 19616, कामाख्या-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस रेलसेवा का आगामी 7 मई से मार्ग के जलगांव, अलीपुरद्वार, कोकराझार, न्यू बंगाईगांव, गोवालपाडा टाउन एवं कामाख्या स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। गाडी संख्या 19601, उदयपुर सिटी-न्यू जलपाईगुडी एक्सप्रेस रेलसेवा का आगामी 2 मई से न्यू जलपाईगुडी स्टेशन पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है।

## चूरू-सादुलपुर रेलखण्ड पर दुधवाखारा-हड़याल- डोकवा-सादुलपुर स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य

### रेलसेवाएं डोकवा स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा बीकानेर मंडल के चूरू-सादुलपुर रेलखण्ड के मध्य दुधवाखारा-हड़याल- डोकवा-सादुलपुर स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य के लिए ऑटोमेटिक सिंगनलिग ब्लॉक लिया जा रहा है। इस कार्य हेतु रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 54605, चूरू-लुधियाना रेलसेवा जो दिनांक 29.4.26 से 27.6.26 तक (60 ट्रिप) चूरू से प्रस्थान करेगी वह डोकवा स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाडी संख्या 14823, जोधपुर-रेवाडी रेलसेवा जो दिनांक 29.4.26 से 27.6.26 तक (60 ट्रिप) जोधपुर से प्रस्थान करेगी वह डोकवा स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाडी संख्या 54790, बीकानेर-रेवाडी रेलसेवा जो दिनांक 29.4.26 से 27.6.26 तक (60 ट्रिप) बीकानेर से प्रस्थान करेगी वह डोकवा स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाडी संख्या 14891, जोधपुर-हिसार रेलसेवा जो दिनांक 29.4.26 से 27.6.26 तक (60 ट्रिप) जोधपुर से प्रस्थान करेगी वह डोकवा स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाडी संख्या 14897, बीकानेर-हिसार रेलसेवा जो दिनांक 29.4.26 से 27.6.26 तक (60 ट्रिप) बीकानेर से प्रस्थान करेगी वह डोकवा स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी।

## अजमेर-पालनपुर रेलखण्ड पर आरसीसी बॉक्स लॉन्चिंग कार्य : रेलसेवाएं रद्द, मार्ग परिवर्तित रहेगी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा अजमेर मण्डल के अजमेर-पालनपुर रेलखण्ड पर फालना-बिरोलिया स्टेशनों के मध्य ब्रिज संख्या 658 पर आरसीसी बॉक्स डालने हेतु ब्लॉक लिया जा रहा है। ब्लॉक के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 14821, जोधपुर-साबरमती रेलसेवा दिनांक 30.4.26 व 1.5.26 को रद्द रहेगी। गाडी संख्या 14822, साबरमती-जोधपुर रेलसेवा दिनांक 1.5.26 व 2.5.26 को रद्द रहेगी। गाडी संख्या 14701, श्रीगंगानगर-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा जो दिनांक 30.4.26 को श्रीगंगानगर से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग अजमेर-चित्तौडगढ-रतलाम-वडोदरा होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा भीलवाडा, चित्तौडगढ, नीमच, मंदसौर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाडी संख्या 14707, हनुमानगढ-दादर रेलसेवा जो दिनांक 1.5.26 को हनुमानगढ से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग लूनी-भीलडी-महेसाना होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा समदडी, जालोर, मारवाड भीनमाल, भीलडी, पाटन स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाडी संख्या 20496, हडपसर-जोधपुर रेलसेवा जो दिनांक 30.4.26 को हडपसर से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग महेसाना-भीलडी-लूनी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा पाटन, भीलडी, मारवाड भीनमाल, जालोर, समदडी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाडी संख्या 19223, साबरमती-जम्मूतवी रेलसेवा जो दिनांक 1.5.26 को साबरमती से प्रस्थान करेगी वह परिवर्तित मार्ग महेसाना-भीलडी-लूनी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा पाटन, भीलडी, मारवाड भीनमाल, जालोर, समदडी स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

## पति ने कुल्हाड़ी से वार कर पत्नी की हत्या की, आरोपी पति मौके से फरार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की बूंदी जिले के तालेड़ा थाना इलाके के ठीकरी कला गांव में मतभेद के चलते एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी और फिर मौके से फरार हो गया सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची मौके पर फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ और एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है तथा मृतक महिला के बच्चों से भी पूछताछ की जा रही है इस वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पति हेमराज घटनास्थल से फरार हो गया इसका मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ है पुलिस ने फरार पति की तलाश में कई जगह पर टीम भी भेजी है और आसपास के सभी सड़क मार्गों पर भी पुलिस की चेकिंग चल रही है फिलहाल खबर लेकर जाने तक हेमराज पुलिस की पकड़ में नहीं आ पाया था पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार टिकरी कला गांव निवासी हेमराज अपनी पत्नी रामी बाई और बच्चों के साथ रहता था लेकिन हेमराज और उसकी पत्नी के बीच आपस में मतभेद चल रहे थे जिसकी वजह से दोनों के बीच आपस में लड़ाई होती रहती थी इसी मनमुटाव की वजह से आरोपी हेमराज ने अपनी पत्नी रामी बाई पर कुल्हाड़ी से वार किया जिसमें सर और चेहरे पर गंभीर चोट आई है उसे तुरंत अस्पताल भी पहुंचाया गया लेकिन उसकी मौत हो गई पुलिस मृतक महिला के बच्चों से भी पूछताछ कर रही है पूछताछ में बच्चों ने अपने पिता पर हत्या करने का आरोप लगाया है फिलहाल पुलिस हेमराज के अन्य रिश्तेदारों, मित्रों इत्यादि के नाम पते भी मालूम कर रही है और रिश्तेदारों और मित्रों के ठिकानों पर भी पुलिस की निगाह टिकी हुई है इसके अलावा इलाके के आसपास के सभी बस स्टैंड रेलवे स्टेशन और अन्य सभी लोगों का पुलिस की कड़ी निगरानी है पुलिस ने इस मामले में आसपास के जिला पुलिस को भी हेमराज के बारे में जानकारी दे दी है ।

# मदन राठौड़ ने सचिन पायलट को भाजपा ज्वाइन करने का दिया ऑफर और कहा कांग्रेस नेतृत्व में राष्ट्रभक्ति का भाव नहीं

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने एक न्यूज़ चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि कांग्रेस नेतृत्व में राष्ट्र प्रेम का भाव बिल्कुल भी नहीं है इसलिए जो नेता ईमानदार और अच्छे हैं वे ऐसी पार्टी में कैसे रह सकते हैं उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के दरवाजे उन सभी नेताओं के लिए खुले हुए हैं जो दिल में राष्ट्र प्रेम और राष्ट्र निर्माण का भाव रखते हैं उन्होंने कहा कि सचिन पायलट कांग्रेस पार्टी में समझदार नेता हैं पायलट देश, काल और परिस्थितियों को अच्छी तरह से समझते हैं उनको भाजपा में शामिल होने के बारे में सोचना चाहिए, बातचीत के दौरान मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 साल में भारत में हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति की है और आज पूरी दुनिया भारत की तरफ देख रही है उन्होंने कहा कि पिछले सालों में जब-जब देश पर संकट आया पीएम मोदी ने बहुत शानदार तरीके से देश को संभाला चाहे वह कोरोना का कालखंड हो या फिर अभी हाल ही में खाड़ी देशों में बने युद्ध के हालातो के बाद देश में पेट्रोल गैस की उपलब्धता का विषय हो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश को पेट्रोल, डीजल , और गैस के लिए परेशान नहीं होने दिया यह बात अलग है कि देश में राजनीतिक पार्टियों ने राष्ट्रीय आपदा के समय भी राजनीति की रोटी सीखने के लिए पेट्रोल, गैस जैसे मुद्दों को अपना हथियार बनाया और जानबूझकर देश में अशांति का माहौल बनाने का प्रयास किया लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विरोधी पार्टियों के षड्यंत्र को कामयाब नहीं होने दिया मदन राठौड़ के सचिन पायलट को बीजेपी में ज्वाइन करने की सलाह को सचिन पायलट गंभीरता से लेंगे या नहीं यह तो आने वाला समय बताएगा लेकिन पिछले दो-तीन दिनों से सचिन पायलट को लेकर राजस्थान की राजनीति में फिर से उथल-पुथल सी मच रही है क्योंकि सचिन पायलट को लेकर लगातार पिछले कुछ दिनों से बड़े-बड़े राजनेताओं ने जो बयान दिए हैं उन बयानों के बाद हर कोई अब सचिन पायलट के बारे में चर्चा करते नजर आ रहा है प्रदेश भाजपा के प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल के बयान के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जो बयान सचिन पायलट को लेकर दिया उस बयान के बाद भारतीय जनता पार्टी के कई नेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की जिसमें भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने साफ कहा कि अशोक गहलोत बार-बार मानेसर कांड का जिक्र करके सचिन पायलट की पोजीशन को कांग्रेस में कमजोर करने का कोई भी मौका नहीं छोड़ते यह बात केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और भारतीय जनता पार्टी के बाली के विधायक और पूर्व मंत्री पुष्पेंद्र सिंह राणावत ने भी कहा कि भले ही अशोक गहलोत और सचिन पायलट दोनों ही नेता साथ-साथ फोटो खिंचवा रहे हो और हाथ मिला रहे हो लेकिन दोनों नेताओं में आपस में मतभेद भी है और मनभेद भी है दोनों नेता सिर्फ दिखावा कर रहे हैं अब जिस तरह से मदन राठौड़ ने सचिन पायलट को भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का ऑफर दिया है उसके बाद कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों में राठौर के इस बयान को लेकर खूब चर्चा हो रही है राजनीतिक विश्लेषकों का यह भी कहना है कि राहुल गांधी के करीब करीब सभी करीबी नेता जो युवा अवस्था से ही राहुल गांधी के साथ पार्टी में काम कर रहे थे वे सब पार्टी छोड़कर जा चुके हैं इसमें ज्योतिरादित्य सिंधिया जो सचिन पायलट के भी काफी करीबी मित्र हैं वे पहले ही भाजपा को ज्वाइन कर मोदी सरकार के मंत्रिमंडल में शामिल है इसलिए कोई बड़ी बात नहीं आने वाले सालों में सचिन पायलट भी भारतीय जनता पार्टी का हिस्सा हो जाए लेकिन कुछ लोगों का यह भी कहना है कि अगर अगले विधानसभा चुनाव मे कांग्रेस पार्टी की ओर से राजस्थान में सचिन पायलट को महत्वपूर्ण भूमिका नहीं दी जाती है तो फिर सचिन पायलट भी कांग्रेस छोड़ सकते हैं यह सब अटकलें हैं आने वाला समय बताया कि सचिन पायलट कांग्रेस पार्टी में बने रहेंगे या फिर मदन राठौड़ की सलाह को मानेंगे ? फिलहाल पिछले कुछ दिनों से सचिन पायलट प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में पांचवा और कांग्रेस दोनों दलों के बड़े-बड़े नेताओं की बयान बाजी से चर्चा का विषय बने हुए हैं ।

## महिला आरक्षण पर भ्रम फैलाने के बजाय दलित और आदिवासी पीड़ितों की सुध लें मुख्यमंत्रीः टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की कार्यशैली और प्राथमिकताओं पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का पद अत्यंत गरिमामय पद होता है लेकिन वर्तमान मुख्यमंत्री इस पद की मर्यादा भूलकर सत्य बताने के बजाय महिला आरक्षण के मुद्दे पर केवल भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं। जूली ने कहा कि प्रदेश के मुखिया को राजनीतिक आयोजन करने के बजाय उन मासूमों के आंसू पोंछने चाहिए जो सरकारी तंत्र की विफलता और बीमारियों के कारण दम तोड़ रहे हैं,नेता प्रतिपक्ष ने अत्यंत दुख व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में एक दलित बच्चा पुलिस की बर्बरता का शिकार होकर अस्पताल में जीवन और मृत्यु के बीच झूल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से सीधा सवाल किया कि क्या वह बच्चा दलित समुदाय से है, इसलिए मुख्यमंत्री उसके हाल जानने अस्पताल नहीं गए? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को भाजपा के भ्रम फैलाने वाले कार्यक्रमों में व्यस्त रहने के बजाय पीड़ित परिजनों से मिलना चाहिए था और उन्हें न्याय का भरोसा दिलाना चाहिए था, लेकिन सरकार की प्राथमिकता में दलित वर्ग कहीं नहीं है। टीकाराम जूली ने सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रदेश के आदिवासी इलाकों में अज्ञात बीमारी के कारण मासूम बच्चे मर रहे हैं, जिससे वहां के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। मुख्यमंत्री और उनके प्रशासन ने उन गरीब माता-पिता की सुध लेना तक उचित नहीं समझा। उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रदेश का भविष्य अज्ञात बीमारियों से खत्म हो रहा है और दूसरी तरफ मुख्यमंत्री और भाजपा के नेता मशाल जुलूस निकालकर अपनी राजनीति चमकाने में व्यस्त हैं। भाजपा द्वारा महिला आरक्षण के नाम पर निकाले जा रहे मशाल जुलूस को लेकर जूली ने कहा कि यह केवल जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश है। कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं और वंचितों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी है, जबकि भाजपा केवल नकारात्मक सोच के साथ भ्रम फैला रही है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश का आम नागरिक परेशान है, महिलाओं और बच्चियों के साथ दुष्कर्म हो रहे हैं तब मुख्यमंत्री का अमर जवान ज्योति से अंबेडकर सर्किल तक जुलूस निकालना संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। सरकार को ऐसे एजेंडा का हिस्सा न बनकर प्रदेश की बिगड़ती कानून-व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान देना चाहिए।

## प्रशिक्षण महाभियान भाजपा का एक प्रमुख वैचारिक और संगठनात्मक कौशल विकास कार्यक्रम- वीडी शर्मा

### प्रशिक्षण तरासने की प्रक्रिया, जो सीखता है वह बढ़ता है, जो सीखना बंद कर देता है वो बढ़ना भी कर देता है : मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के राष्ट्रीय राष्ट्रीय सह संयोजक एवं सांसद वीडी शर्मा ने जयपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 भाजपा का एक प्रमुख वैचारिक और संगठनात्मक कौशल विकास कार्यक्रम है जो बूथ स्तर से लेकर राज्य स्तर तक कार्यकर्ताओं को एकात्म मानववाद और 'अंत्योदय' के सिद्धांतों में प्रशिक्षित करता है। इसका उद्देश्य पार्टी विचारधारा को मजबूत करना, कार्यपद्धति में निखार लाना और डिजिटल माध्यमों से कार्यकर्ताओं को आधुनिक बनाना है। शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण महाभियान में कार्यकर्ताओं में सेवा, समर्पण की भावना विकसित करना और उन्हें संगठनात्मक चुनौतियों के लिए तैयार करना। यह अभियान पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के दर्शन पर केंद्रित है। इस महाअभियान में मंडल, जिला और प्रदेश स्तरों पर आयोजित किया जाएगा। इसमें कार्यशालाओं के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाता है। कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व का विकास, नेतृत्व क्षमता बढ़ाना और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पत्रकारों से कहा कि प्रशिक्षण तरासने की प्रक्रिया है। जो सीखता है वह बढ़ता है जो सीखना बंद कर देता है वो बढ़ना भी बंद कर देता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति निर्माण से ही संगठन का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण महाभियान 2026 में पार्टी ने एक डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया है, जो डिजिटल इंडिया के विजन के अनुरूप है। इसमें मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता भाग लेते हैं। राठौड़ ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान को संगठन सशक्तिकरण का ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह अभियान कार्यकर्ताओं को विचार, व्यवहार और नेतृत्व तीनों स्तरों पर समृद्ध करेगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय और एकात्म मानववाद का दर्शन ही भाजपा की कार्यसंस्कृति की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण केवल जानकारी देने का माध्यम नहीं, बल्कि कार्यकर्ता के व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है। इससे संगठन की कार्यपद्धति में एकरूपता आएगी और सेवा, समर्पण तथा राष्ट्रहित की भावना और अधिक प्रखर होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह महाअभियान भाजपा को बूथ स्तर तक और अधिक संगठित, सक्रिय और प्रभावी बनाएगा।

## हाई कोर्ट ने जवाई लेपर्ड एरिया में खनन और कामर्शियल गतिविधियों पर रोक लगाई, होटल रेस्टोरेंट का नया लाइसेंस भी नहीं होगा जारी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान हाई कोर्ट ने मंगलवार को पाली जिले के जवाई लेपर्ड एरिया को लेकर बहुत ही महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है हाई कोर्ट ने अपनी फैसले में कहा है कि जवाई लेपर्ड एरिया में खनन और कमर्शियल तथा व्यावसायिक गतिविधियां पूरी तरह से बंद हो और इस क्षेत्र में होटल रेस्टोरेंट और पर्यटन संबंधी कोई भी नया लाइसेंस जारी नहीं किया जाए हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि धरती इंसान की नहीं है बल्कि इंसान धरती का है इसलिए पर्यावरण संतुलन बनाए रखना बहुत जरूरी है और लेपर्ड का संरक्षण भी जरूरी है हाई कोर्ट में राज्य सरकार को इस इलाके को अभ्यारण के रूप में विकसित करने के बारे में भी विचार करने को कहा है हाई कोर्ट के इस महत्वपूर्ण निर्णय के बाद पर्यावरण और वन्य जीवों के संरक्षण के लिए करने वाले लोगों और बुद्धिजीवी लोगों के चेहरों पर खुशी छा गई है वन्यजीवों और पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करने वाली स्वयंसेवी संस्थाएं भी हाई कोर्ट के इस निर्णय से काफी खुश है हालांकि हाई कोर्ट ने खनन और व्यावसायिक गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगा दी है इसलिए जो लोग इस क्षेत्र में खनन और व्यवसाय गतिविधियों को संचालित करने का प्रयास कर रहे थे या फिर ख्वाब देख रहे थे उन्हें जरूर हाईकोर्ट के इस निर्णय से झटका लगा है लेकिन लोगों का कहना है कि हाईकोर्ट ने जिस तरह से राजस्थान सरकार को इस क्षेत्र को अभ्यारण के रूप में विकसित करने के बारे में कहा है हाई कोर्ट के इस सुझाव पर अगर राजस्थान सरकार गंभीरता से कार्य करेगी तो यह इलाका पूरी तरह से पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और वन्य जीवों के संरक्षण के लिए काफी सहायक साबित होगा तथा जिस तरह से प्रदेश के अन्य अभयारण्य देश और विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं तो यह जवाई लेपर्ड एरिया भी देश और विदेश के पर्यटकों का आकर्षण का केंद्र बन सकता है इसलिए सरकार को हाई कोर्ट के इस विचार पर गंभीरता से मंथन करना चाहिए ।

## राधा मोहन अग्रवाल के खिलाफ अजमेर में कांग्रेस का प्रदर्शन, अग्रवाल के माफी मांगने की डिमांड

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान भाजपा के प्रभारी डॉ.राधा मोहन दास अग्रवाल के पिछले दिन सचिन पायलट के संबंध में दिए गए बयानों को लेकर कांग्रेस पार्टी में जोरदार आक्रोश छाया हुआ है टोंक में भी लगातार कांग्रेसियों की ओर से सड़कों पर प्रदर्शन करके राधा मोहन अग्रवाल के माफी मांगने की बात कह रहे हैं टोंक के अलावा प्रदेश में कई अन्य जगहों पर भी लगातार रोजाना कांग्रेसियों की ओर से सचिन पायलट के समर्थन में प्रदर्शन किया जा रहे हैं और अग्रवाल के बयानों की कांग्रेस जनता कर रहे हैं अजमेर में भी बुधवार को गांधी भवन के सामने बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एकत्रित हुए और उन्होंने भाजपा नेता राधा मोहन दास अग्रवाल के बयानों की कड़ी निंदा की ओर कहा कि सचिन पायलट कांग्रेस के भविष्य हैं और सचिन पायलट के साथ राजस्थान में ही नहीं बल्कि पूरे देश के कांग्रेस जनों के लाडले हैं खासतौर से कांग्रेस पार्टी की युवा ब्रिगेड उन्हें बहुत चाहती है उनका बहुत सम्मान करती है सचिन पायलट हमेशा अपने पिता स्वर्गीय राजेश की तरह हमेशा किसान, युवा, मजदूर और महिला के कल्याण और विकास के लिए काम करते रहे हैं उनके लिए राधा मोहन दास अग्रवाल ने जिन शब्दों का इस्तेमाल किया है उन बयानों की जितनी निंदा की जाए उतनी ही काम है क्योंकि राधा मोहन दास अग्रवाल सचिन पायलट के बारे में बिल्कुल भी जानकारी नहीं रखते अग्रवाल उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखते हैं उन्हें राजस्थान के बारे में बिल्कुल भी जानकारी नहीं है पहले भी अग्रवाल ने सचिन पायलट को लेकर जो बयान दिया था उस बयान के बाद प्रदेश भर में अग्रवाल के खिलाफ कांग्रेस जनों ने प्रदर्शन किए थे उन्होंने फिर से ऐसा बयान दिया है जो राजनीति की गरिमा को तार-तार कर रहा है उल्लेखनीय है कि अभी हाल ही में राधामोहन अग्रवाल ने टोंक में सचिन पायलट को बहरूपिया और दो टांग वाला बताकर कहा था कि उनकी एक टांग का पता नहीं कहां रहती है अग्रवाल के इस बयान के बाद टोंक में ही कांग्रेसियों की ओर से जोरदार प्रदर्शन किया गया और कई जगहों पर पुतले जलाकर कांग्रेसियों ने अपना गुस्सा प्रकट किया लेकिन बुधवार को जिस तरह से अजमेर में भी कांग्रेसियों की ओर से प्रदर्शन किया गया उसे देखते हुए ऐसा दिख रहा है कि एक बार फिर यह मामला जल्दी से शांत होने वाला नहीं है हालांकि अग्रवाल के इस बयान के बाद सचिन पायलट ने बहुत ही शालीनता से पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा था कि मैं अग्रवाल के बारे में ज्यादा जानता नहीं हूं और उनसे कभी मिला भी नहीं हूं लेकिन जब मिलेगा तो उनसे यह जरूर पूछूंगा कि मेरे पति आखिर इतना प्रेम उन्हें क्यों है एक अन्य सवाल के जवाब में पायलट ने कहा था कि राजनीति में मर्यादा का भी ध्यान रखना चाहिए और विपक्ष को कभी कमजोर नहीं समझना चाहिए राजनीति में चाहे पक्ष हो या विपक्ष सभी नेताओं को मर्यादा का ध्यान रखते हुए एक दूसरे का सम्मान करना चाहिए ।

# कोटा के सिटी मॉल में लगी भीषण आग, दंगल की 15 गाड़ियों ने 2 घंटे में आग पर काबू पाया


जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में शिक्षा नगरी कोटा के विज्ञान नगर में स्थित सिटी मॉल के पीछे के हिस्से में बुधवार को भीषण आग लग गई जिसकी वजह से सिटी मॉल में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया और लोग तथा दुकानदार अपनी जान बचाने के लिए सिटी मॉल से बाहर निकल आए सूचना मिलने के बाद पुलिस, जिला प्रशासन, नगर निगम के अधिकारी तुरंत ही मौके पर पहुंचे और दमकल की गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया, आग ने काफी विकराल रूप धारण किया हुआ था इसलिए जहां जितनी भी संख्या में दमकल की गाड़ियां थीं उन सबको मौके पर बुलाया गया करीब 15 दमकल की गाड़ियों ने 2 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक सिटी मॉल में लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो चुका था इस आगजनी से काफी नुकसान हुआ है फिलहाल खबर लिखे जाने तक आग के कारण का खुलासा नहीं हो पाया लेकिन बताया जा रहा है कि इस अग्निकांड में रेस्टोरेंट, शोरूम और कई अन्य दुकान चपेट में आए हैं लेकिन इस अग्निकांड में किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई है जो राहत की खबर है विज्ञान नगर के जिस सिटी मॉल में बुधवार को सुबह आग लगीहै वह काफी विशाल और आकर्षक डिजाइन में बना हुआ है इस सिटी मॉल में बड़ी संख्या में शोरूम, रेस्टोरेंट, दुकान इत्यादि स्थित है इसलिए यह सिटी मॉल कोटा शहर के लोगों के लिए काफी पसंद का स्थान है क्योंकि एक ही जगह पर उन्हें सब तरह की चीज उपलब्ध हो जाती है इसके अलावा पर्यटन और मौज मस्ती की दृष्टि से भी यह सिटी मॉल युवाओं को काफी पसंद आता है और बड़ी संख्या में यहां कोचिंग स्टूडेंट भी नजर आते हैं बुधवार को इस सिटी मॉल के पीछे के हिस्से में अचानक ही भीषण आग और धुआं उठता हुआ देखकर हर कोई चकित रह गया इस दौरान सिटी मॉल में मौजूद दुकानदार और ग्राहकों के चेहरों पर भी चिंता छा गई और वह तुरंत किसी भी अनहोनी से बचने के लिए सिटी मॉल से बाहर आ गए देखते ही देखते मौके पर बड़ी संख्या में लोग भी जमा हो गए हालांकि मौके पर पहुंचे पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने भी सिटी मॉल में मौजूद सभी लोगों को बाहर निकाल दिया था जब तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका तब तक मौके पर मौजूद पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के चेहरों पर भी चिंता की लकीर साफ देखी गई क्योंकि यह आग काफी विकराल रूप ले चुकी थी और इलाके में दूर-दूर तक लोग सिटी मॉल को जलता हुआ देख रहे थे इसलिए मौके पर दमकल की कई गाड़ियों को बुलाया गया ताकि आग पर जल्दी से जल्दी काबू पाया जा सके ।

## सम्पादकीय

### दो राष्ट्रों की जिद की जंग में फंसा होर्मुज जलमार्ग



ईरान और अमेरिका के बीच पहले युद्धविराम और फिर शांतिवार्ता की शुरुआत से यह उम्मीद जगी थी कि शायद होर्मुज जलमार्ग से जहाजों की आवाजाही फिर से सामान्य हो सकेगी। यह मुद्दा सिर्फ इन दोनों देशों तक सीमित नहीं है, बल्कि दुनिया के अनेक देशों के लिए बेहद अहम है। लेकिन हालात एक बार फिर उलझते नजर आ रहे हैं। इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद जवाबी कार्रवाई में ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को बाधित कर दिया। तब से अब तक उस रास्ते से केवल चीन और कुछ गिने-चुने देशों के जहाजों के गुजरने की ही खबर है। ऐसे में भारत समेत कई देशों के लिए यह निराशाजनक स्थिति है। एक तरफ ईरान इस मार्ग को खोलने के लिए तैयार नहीं है, तो दूसरी ओर अमेरिका ने आर्थिक दबाव बढ़ाने के लिए इलाके की नाकेबंदी का ऐलान कर दिया है, जिससे संकट और गहरा गया है। अब ईरान अपनी शर्तों पर अड़ा है कि जब तक अमेरिका नाकेबंदी नहीं हटाएगा, तब तक मार्ग बंद रहेगा। वहीं अमेरिका भी अपनी जिद पर कायम है कि जब तक ईरान रास्ता नहीं खोलेगा, तब तक प्रतिबंध जारी रहेंगे। सवाल यह है कि अगर दोनों पक्ष इसी तरह अड़े रहे, तो क्या शांति की कोशिशें कभी किसी ठोस नतीजे तक पहुंच पाएंगी? एक अजीब स्थिति यह है कि युद्धविराम के बावजूद दोनों देश सीधे हमले नहीं कर रहे, लेकिन होर्मुज जलमार्ग सहित मध्य-पूर्व से तेल और गैस की आपूर्ति अब भी प्रभावित है। इसके कारण कई देशों में ऊर्जा संकट गहराता जा रहा है, तेल भंडार घट रहे हैं, महंगाई बढ़ रही है और रसोई गैस की कमी से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। यानी इस टकराव की सबसे बड़ी कीमत वे देश चुका रहे हैं, जो इस संघर्ष का हिस्सा भी नहीं हैं। क्या अमेरिका और ईरान को यह नहीं सोचना चाहिए कि उनके अड़ियल रुख के कारण दुनिया की बड़ी आबादी संकट झेलने को मजबूर है? गौरतलब है कि होर्मुज जलमार्ग दुनिया के सबसे अहम रणनीतिक समुद्री मार्गों में से एक है। वैश्विक समुद्री तेल व्यापार का लगभग 20 से 25 प्रतिशत हिस्सा इसी संकरे रास्ते से गुजरता है। इस इलाके में ईरान की स्थिति मजबूत मानी जाती है। शांति वार्ता से पहले ईरान ने इस मार्ग को खोलने के संकेत दिए थे, लेकिन युद्धविराम के बावजूद इजराइल द्वारा लेबनान पर हमले जारी रहने के बाद उसने फिर से आवाजाही रोक दी। अमेरिका और इजराइल समेत अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाने के लिहाज से होर्मुज को बंद करना ईरान की रणनीति का हिस्सा हो सकता है, जबकि अमेरिका की ओर से आ रही चेतावनियां हालात को और जटिल बना रहीं हैं। अगर यही स्थिति बनी रही, तो न युद्धविराम का कोई असर दिखेगा और न ही शांति वार्ता आगे बढ़ पाएगी - और सबसे बड़ा सवाल यही रहेगा कि इस टकराव का आखिर हासिल क्या होगा? ईरान ने पाकिस्तानी मध्यस्थों के जरिए अमेरिका को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से खोलने और युद्ध खत्म करने का एक नया प्रस्ताव दिया है। अमेरिकी मीडिया एक्सियोस ने रविवार को एक अमेरिकी अधिकारी और मामले की जानकारी रखने वाले दो सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। हालांकि न्यूक्लियर बातचीत को बाद में टालने के लिए प्रस्ताव दिया गया है।

# ममता के सामने गढ़ बचाने की चुनौती

*यह विधानसभा चुनाव ममता बनर्जी और उनकी पार्टी के लिए बहुत निर्णायक है, क्योंकि हार की स्थिति उन्हें हाशिए पर पहुंचा सकती है। तृणमूल मुख्य रूप से बंगाल केंद्रित पार्टी है और आस-पड़ोस के राज्यों से लेकर गोवा तक राजनीतिक विस्तार के उसके प्रयास फलीभूत नहीं हो पाए हैं। इस स्थिति में अगर बंगाल उसके हाथ से निकलता है तो फिर राजनीतिक पूंजी पूरी तरह सिमट जाएगी। जबकि जीत की स्थिति न केवल बंगाल, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में भी ममता बनर्जी के कद को बहुत ऊंचे स्तर पर स्थापित करने का काम करेगी। ज्योति बसु और नवीन पटनायक के बाद वह किसी बड़े राज्य की पहली मुख्यमंत्री बन जाएंगी, जो लगातार चौथी बार सत्ता में वापसी करने में सफल होंगी। बंगाल का राजनीतिक मिजाज देखें तो यह राज्य लंबे समय तक ही एक ही ढर्रे पर चलता आया है। वर्ष 1977 से 2026 के बीच यहां केवल एक बार ही सत्ता परिवर्तन हुआ, जब 2011 में ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस ने तीन दशकों से अधिक पुरानी वामपंथी सत्ता को अपदस्थ किया था। उसके बाद से ममता और तृणमूल का सिक्का ही सत्ता पर जमा हुआ है। पहले चरण की जिन 152 सीटों पर मतदान हुआ है, उनमें प्रतिद्वंद्वी भाजपा की ताकत को अनदेखा नहीं किया जा सकता। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को जो 77 सीटें मिली थीं, उनमें से 59 सीटें इन्हीं विधानसभा क्षेत्रों की थीं। जबकि दूसरे चरण की जिन 142 सीटों*



इस महीने की नौ तारीख से चार राज्यों एवं एक केंद्रशासित प्रदेश के विधानसभा चुनावों का आरंभ हुआ सिलसिला अब अंतिम पड़ाव पर आ पहुंचा है। आज पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण के मतदान के बाद सभी निगाहें चार मई को आने वाले चुनाव परिणामों पर टिकी रहेंगी। बंगाल चुनाव के पहले चरण में हुए रिकार्ड 92 प्रतिशत मतदान के बाद सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भाजपा अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। जहां तृणमूल इस बंपर मतदान को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में भरोसे के साथ जोड़कर प्रस्तुत कर रही है, वहीं भाजपा इसे सत्ता विरोधी रुझान के रूप में प्रचारित करने में लगी है। पहले चरण की 152 सीटें मुख्य रूप से उत्तरी बंगाल और जंगल महल के इलाकों में केंद्रित थीं तो दूसरे चरण का मतदान उस दक्षिण बंगाल में होना है, जिसके बारे में कहा जाता है कि सत्ता की कुंजी इसी क्षेत्र के हाथ में होती है। बंगाल के राजनीतिक गलियारों में यह कहावत आम है कि जिसने प्रेसिडेंसी वाले इलाकों में जीत हासिल की, वही नबन्ना (पश्चिम बंगाल सरकार का सचिवालय) पर काबिज हुआ। यह विधानसभा चुनाव ममता बनर्जी और उनकी पार्टी के लिए बहुत निर्णायक है, क्योंकि हार की स्थिति उन्हें हाशिए पर पहुंचा सकती है। तृणमूल मुख्य रूप से बंगाल केंद्रित पार्टी है और आस-पड़ोस के राज्यों से लेकर गोवा तक राजनीतिक विस्तार के उसके प्रयास फलीभूत नहीं हो पाए हैं। इस स्थिति में अगर बंगाल उसके हाथ से निकलता है तो फिर राजनीतिक पूंजी पूरी तरह सिमट जाएगी। जबकि जीत की स्थिति न केवल बंगाल, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में भी ममता बनर्जी के कद को बहुत ऊंचे स्तर पर स्थापित करने का काम करेगी। ज्योति बसु और नवीन पटनायक के बाद वह किसी बड़े राज्य की पहली मुख्यमंत्री बन जाएंगी, जो लगातार चौथी बार सत्ता में वापसी करने में सफल होंगी। बंगाल का राजनीतिक मिजाज देखें तो यह राज्य लंबे समय तक ही एक ही ढर्रे पर चलता आया है। वर्ष 1977 से 2026 के बीच यहां केवल एक बार ही सत्ता परिवर्तन हुआ, जब 2011 में ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस ने तीन दशकों से अधिक पुरानी वामपंथी सत्ता को अपदस्थ किया था। उसके बाद से ममता और तृणमूल का सिक्का ही सत्ता पर जमा हुआ है। पहले चरण की जिन 152 सीटों पर मतदान हुआ है, उनमें प्रतिद्वंद्वी भाजपा की ताकत को अनदेखा नहीं किया जा सकता। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को जो 77 सीटें मिली थीं, उनमें से 59 सीटें इन्हीं विधानसभा क्षेत्रों की थीं। जबकि दूसरे चरण की जिन 142 सीटों पर चुनाव होना है, उनमें से पिछले विधानसभा चुनाव में तृणमूल को 123 सीटें मिली थीं और भाजपा को मात्र 18 सीटों के साथ ही संतोष करना पड़ा था। स्पष्ट है कि अगर भाजपा को राज्य की सत्ता पर अपना दावा मजबूत करना है तो कोलकाता, हावड़ा, हुगली, नदिया और 24 परगना क्षेत्रों में भी जीत हासिल करनी होगी। इसके बिना तृणमूल कांग्रेस के समक्ष चुनौती पैदा करना आसान नहीं होगा।

पिछले विधानसभा चुनाव में तृणमूल को जहां 48 प्रतिशत वोट मिले, वहीं भाजपा की झोली में 38 प्रतिशत मत आए थे। इस बड़े अंतर का ही परिणाम रहा कि तृणमूल को 215 सीटों के साथ अपने इतिहास की सबसे बड़ी राजनीतिक जीत हासिल हुई। अब देखना यह होगा कि क्या तृणमूल अपनी यह बढ़त कायम करने में सफल रहती है या भाजपा उसकी सियासी जमीन में सेंध लगा पाती है? इस सवाल का जवाब कई परतों में छिपा है। बंगाल उन राज्यों में से एक है, जहां की जनसांख्यिकी भाजपा की राजनीति के लिए बहुत उपयुक्त नहीं है। राज्य में मुस्लिम समुदाय की 30 प्रतिशत हिस्सेदारी के चलते कई सीटों पर उसकी भूमिक निर्णायक बन जाती है। मालदा, मुर्शिदाबाद और प्रेसिडेंसी इलाकों पर तृणमूल की मजबूत पकड़ में यह भी एक अहम कारक है। इसकी काट के लिए भाजपा की रणनीति यही रही होगी कि वह करीब उन 170 से 180 सीटों पर ध्यान केंद्रित करे, जहां मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 20 प्रतिशत या उससे कम है।

तृणमूल की लगातार जीत और निरंतर मजबूत हुई राजनीतिक पकड़ में एक अहम योगदान महिला मतदाताओं का भी है। ममता का नेतृत्व महिलाओं को साधने में सहायक बनता है। राज्य सरकार की कई योजनाएं महिलाओं पर केंद्रित हैं, जिनका लाभ पार्टी और सरकार को मिलता आया है। आंकड़ों से भी इसकी पुष्टि होती है। 2021 के चुनाव में तृणमूल और भाजपा के पुरुष मतदाताओं में जहां छह प्रतिशत का अंतर देखा गया, वहीं महिला मतदाताओं के मामले में यह अंतर 12 प्रतिशत का था। वंचित वर्ग की महिला वोटरों में तो यह अंतर और भी अधिक था। महिला वोटरों को लुभाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार भी हरसंभव प्रयास करती आई है। बंगाल का चुनाव काफी दिलचस्प होगा कि महिलाओं का पलड़ा किस पार्टी के पक्ष में झुकता है।

## कहानी

### पिंजरे की शहज़ादी

हज़ारों साल पहले का वाक़िया है चीन पर एक नेक दिल बादशाह हुकूमत करता था। उसकी एक ही लड़की थी। शहज़ादी ख़ावर उसका नाम था। वो बहुत ख़ूबसूरत थी। उसका चेहरा सूरज की तरह चमकता दमकता था। शहज़ादी को बचपन ही से फूल अच्छे लगते थे। वो हर वक़्त अपने महल के बाग़ में कलियों और फूलों से खेलती रहती। एक दिन सैर के दौरान उसने गुलाब की टहनी पर फुदकती हुई एक सोहनी, मन मोहिनी सी चिड़िया देखी। शहज़ादी का जी चाहता था कि उस चिड़िया को पकड़ कर किसी पिंजरे में बंद कर ले। उसने दौड़ कर चिड़िया को पकड़ने की कोशिश की, मगर चिड़िया जितनी ख़ूबसूरत थी, उतनी ही शरारती थी। वो एक शाख़ से उड़ती तो दूसरी पर जा कर बैठ जाती आख़िर थक कर शहज़ादी ने एक कंकरी उठाई और चिड़िया को दे मारी। वो बे-चारी ज़ख़्मी हो कर क्यारी में गिर गई। शहज़ादी ख़ावर उसे पकड़ने के लिए लपकी, मगर जूं ही उस के क़रीब गई, उस की नज़रों के सामने धुआँ सा छा गया। फिर उस धुएँ में शहज़ादी को एक काली काली डरावनी शक्ल नज़र आई। वो डर के मारे सहम गई, और पीछे दौड़ने वाली थी कि किसी के क़हक़हे की आवाज़ सुनाई दी। शहज़ादी का दिल ज़ोर ज़ोर से धड़कने लगा। उसने एक चीख़ मारी, और ग़श खा कर ज़मीन पर गिर पड़ी। दूर खड़ा माली ये मंज़र देख रहा था। वो भागा भागा शहज़ादी के पास आया, और उसे होश में लाने की बड़ी कोशिश की। जब काफ़ी देर तक शहज़ादी को होश ना आया, तो वो उसे उठा कर मलिका के पास ले आया। बादशाह को इत्तिला मिली तो वो भी दरबार बर्ख़ास्त कर के महल में चला आया और बहुत से हकीमों को शहज़ादी के ईलाज के लिए बुलवाया, मगर उसे होश ना आया। ये ख़बर मुल्क के कोने कोने में फैल गई। रात के बारह बजे के क़रीब बादशाह परेशानी के आलम में शहज़ादी की चारपाई के गिर्द टहल रहा था कि उसे कमरे में एक आवाज़ आई "सब यहां से निकल जाओ वर्ना शहज़ादी मर जाये गी।" बादशाह को अपनी इकलौती बेटी से बहुत प्यार था, वो फ़ौरन कमरे से निकल गया। और दिन निकलने का इंतिज़ार करने लगा। सुब्ह-सवेरे वो शहज़ादी के कमरे में दाख़िल हुआ तो वो शहज़ादी को बिस्तर से ग़ायब पाकर हैरान रह गया। चारपाई के सिरहाने एक प्यारी सी चिड़िया बैठी हुई थी। बादशाह ने उसे उड़ाना चाहा, मगर ऐसा ना हो सका। बादशाह ने अपने वज़ीर को बुला कर सलाह मश्वरा किया, तो वज़ीर ने कहा "जहांपनाह इस चिड़िया को पिंजरे में बंद कर दिया जाये।" इस के बाद सारे मुल्क में मुनादी कर दी जाएगी, कि जो पिंजरे की चिड़िया को शहज़ादी के रूप में लाएगा उसी से शहज़ादी की शादी कर दी जाएगी। ये ऐलान सुनकर बहुत से लोग अपनी क़िस्मत आज़माने निकले, लेकिन कोई भी इस राज़ को ना समझ सका। इत्तिफ़ाक़ से दूर-दराज़ के शहर में एक ग़रीब लड़का रहता था। जिसने दिन रात एक कर के दसवीं जमात पास की थी। उस लड़के का नाम शरीफ़ था। वो बड़ा मेहनती और बा-अख़्लाक़ लड़का था। उस का दिल चाहता था कि किसी तरह से वो पिंजरे की चिड़िया को शहज़ादी के रूप में ले आए और फिर चीन का बादशाह बन जाये।

शरीफ़ एक रात इसी सोच में डूबा हुआ था कि उसे कमरे से खी खी खी की आवाज़ सुनाई दी। शायद कोई हंस रहा है, शरीफ़ ने सोचा। फिर उसने इर्द-गिर्द देखा लेकिन वहां उसे सिर्फ़ अपना ही साया नज़र आ रहा था। थोड़ी देर के बाद फिर हंसी की आवाज़ आई। शरीफ़ मुख़ातब हुआ। "कौन है?" "मैं हूँ।" आवाज़ आई उसने पूछा। "मैं कौन?" आवाज़ आई। "मैं भूत हूँ।" शरीफ़ ने सवाल किया। "यहां क्या लेने आए हो?" भूत ने जवाब दिया। "कुछ नहीं।" "जाओ फिर मुझे आराम करने दो।" शरीफ़ ने कहा। भूत ने कहा। "मैं नहीं जाऊँगा शरीफ़ ने कहा। "तो ना जाओ, मेरे साथ आकर लेट रहो।" भूत ये सुनकर बहुत ख़ुश हुआ। उसने शरीफ़ से कहा। "तुम अच्छे लड़के मालूम होते हो। मुझे दोस्त बनाना पसंद करोगे?" "क्यों नहीं।" शरीफ़ ने जवाब दिया। और फिर एक नन्हे-मुन्ने बोने की शक्ल का भूत शरीफ़ के कमरे में टहलने लगा। दोनों ने एक दूसरे को देखा और घुल मिलकर बातें करने लगे।

# दुनिया में सैन्य खर्च बढ़ा, भारत पांचवें स्थान पर(स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की ताजा रिपोर्ट-2025)



सुनील कुमार महला

*इस क्रम में हाल ही में एक प्रतिष्ठित न्यूज एजेंसी के हवाले से यह खबरें आई हैं कि भारत का रक्षा खर्च 8.9% बढ़ा, और भारत 5वां सबसे अधिक सैन्य खर्च वाला देश बन गया है। दरअसल, हाल ही में आई सिपरी की रिपोर्ट के अनुसार यह जानकारी सामने आई है कि वैश्विक सैन्य खर्च 2,887 अरब डॉलर पार कर चुका है और भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा सैन्य खर्च करने वाला देश बन गया है। रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2025 में भारत का सैन्य खर्च 8.9 प्रतिशत*

दुनिया के देश अपने रक्षा बजट या यूं कहें कि सैन्य खर्च में अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी कर रहे हैं। वास्तव में, आज के समय में दुनिया भर में सैन्य खर्च कई कारणों से तेजी से बढ़ रहा है। प्रमुख कारणों की यदि हम यहां पर बात करें तो भू-राजनीतिक तनाव और युद्ध(रूस-यूक्रेन युद्ध), इजरायल हमास युद्ध, दक्षिण चीन सागर जैसे संघर्षों ने देशों को सुरक्षा पर अधिक खर्च करने के लिए प्रेरित किया है। पड़ोसी देशों की प्रतिस्पर्धा (जैसे कि भारत, चीन और पाकिस्तान जैसे देशों की आपसी प्रतिस्पर्धा) भी इसके लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार है।ये देश अपने सामरिक संतुलन बनाए रखने के क्रम में अपने सैन्य खर्च में बढ़ोत्तरी कर रहे हैं।सरल शब्दों में कहें तो जब एक देश हथियार खरीदता है, तो पड़ोसी देश भी अपनी सेना मजबूत करने लगते हैं। इसे हथियारों की दौड़ कहा जाता है। नई तकनीक और आधुनिक हथियार भी एक प्रमुख कारण बनकर उभरा है। पिछले कुछ समय से ड्रोन, साइबर सुरक्षा, मिसाइल रक्षा प्रणाली, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित हथियार, अंतरिक्ष रक्षा आदि पर भारी निवेश हो रहा है, जैसा कि आधुनिक युद्ध अब केवल सैनिकों से नहीं, तकनीक से भी लड़ा जाता है। आज आतंकवाद और आंतरिक सुरक्षा खतरों जैसे घुसपैठ, नशीले पदार्थों की तस्करी आदि के कारण भी दुनिया के विभिन्न देशों ने अपने सैन्य खर्च में बढ़ोत्तरी की है।वैश्विक शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा ने भी सैन्य खर्च में बढ़ोत्तरी को जन्म दिया है।सच तो यह है कि आज के समय में चीन, अमेरिका और रूस जैसे शक्तिशाली देश अपनी सैन्य शक्ति दिखाकर विश्व राजनीति में अपना प्रभाव बढ़ाना चाहते हैं। इतना ही नहीं, आज हथियार उद्योग कई देशों की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा है। रक्षा सौदों से रोजगार, निर्यात और तकनीकी विकास भी जुड़ा होता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि वर्तमान समय में सैन्य खर्च बढ़ना केवल युद्ध की तैयारी नहीं, बल्कि सुरक्षा, शक्ति संतुलन, तकनीकी बढ़त और राजनीतिक प्रभाव का भी संकेत है। लेकिन अत्यधिक सैन्य खर्च से शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास क्षेत्रों पर दबाव भी बढ़ सकता है। इस क्रम में हाल ही में एक प्रतिष्ठित न्यूज एजेंसी के हवाले से यह खबरें आईं हैं कि भारत का रक्षा खर्च 8.9' बढ़ा, और भारत 5वां सबसे अधिक सैन्य खर्च वाला देश बन गया है। दरअसल, हाल ही में आई सिपरी की रिपोर्ट के अनुसार यह जानकारी सामने आई है कि वैश्विक सैन्य खर्च 2,887 अरब डॉलर पार कर चुका है और भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा सैन्य खर्च करने वाला देश बन गया है। रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2025 में भारत का सैन्य खर्च 8.9 प्रतिशत बढ़कर 92.1 अरब डॉलर हो गया। गौरतलब है कि स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में वैश्विक सैन्य खर्च 2,887 अरब डॉलर तक पहुंच गया।बड़ी बात यह है कि यह लगातार 11वां साल है, जब वैश्विक सैन्य खर्च में वृद्धि दर्ज की गई है। पाठकों को बताता चलूं कि सबसे ज्यादा खर्च करने वाले पांच देशों में अमेरिका, चीन, रूस, जर्मनी और भारत शामिल हैं, जिनका वैश्विक खर्च में कुल योगदान 58 प्रतिशत है। सरल शब्दों में कहें तो सेना पर सर्वाधिक खर्च करने वाले देशों में अमेरिका, चीन, रूस और जर्मनी आज दुनिया में सबसे आगे पहुंच चुके हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार अमेरिका, यूरोप, चीन, रूस और जर्मनी का सैन्य खर्च क्रमशः 954,864,336,190 तथा 114 अरब डॉलर हो गया है। कहना ग़लत नहीं होगा कि इससे वैश्विक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) पर भार में बढ़ोत्तरी हुई है। जानकारी अनुसार दुनियाभर में सैन्य खर्च के चलते वैश्विक जीडीपी पर भार 2024 में 2.4' था, जो 2025 में बढ़कर 2.5' हो गया है। दुनियाभर में सरकारों का सेना पर औसत खर्च 2024 में 7' था, जो 2025 में घटकर 6.9' हो गया है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि ईरान-इजरायल का खर्च घटा है। पाठकों को बताता चलूं कि इजरायल का सैन्य खर्च 4.9 फीसदी घटकर 48.3 अरब डॉलर रहा, वहीं दूसरी ओर ईरान का खर्च लगातार दूसरे साल घटा, तथा वर्ष 2025 में यह 7.4 अरब डॉलर रह गया। आंकड़े बताते हैं कि नाटो का सैन्य खर्च 14 फीसदी बढ़कर कुल 864 अरब डॉलर हो गया, वहीं पर स्पेन ने सैन्य खर्च 50 फीसदी बढ़ाया है, और कुल बजट 40.2 अरब डॉलर हो गया। इधर, मध्य-पूर्व में सेना पर 218 अरब डॉलर खर्च हुए, वर्ष 2024 से 0.1' कम। हाल फिलहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि भारत के रक्षा खर्च में वृद्धि की एक बड़ी वजह पिछले मई में भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष बताया गया है, जिसमें लड़ाकू विमानों, ड्रोन्स व मिसाइलों का इस्तेमाल हुआ। इसी के चलते पाकिस्तान का सैन्य खर्च भी 11 प्रतिशत बढ़कर 11.9 अरब डॉलर हो गया। दरअसल, पाकिस्तान ने चीन से नए हथियार भी खरीदे। गौरतलब है कि इससे वैश्विक स्तर पर सैन्य खर्च का बोझ (जीडीपी के अनुपात में) 2.5 प्रतिशत तक पहुंच गया, जो कि साल 2009 के बाद सबसे अधिक है। मतलब यह है कि प्रति व्यक्ति औसतन 352 डॉलर सैन्य खर्च किया गया। रिपोर्ट बताती है कि अमेरिका का सैन्य खर्च 7.5' घटकर 954 अरब डॉलर रहा, जिसका कारण यूक्रेन को नई वित्तीय सहायता का न मिलना बताया गया। इसके विपरीत यूरोप में 14 प्रतिशत और एशिया व ओशिनिया क्षेत्र में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इतना ही नहीं, चीन दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सैन्य खर्च करने वाला देश है। दरअसल , चीन ने साल 2025 में अपना रक्षा बजट 7.4 प्रतिशत बढ़ाकर 336 अरब डॉलर कर दिया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि यह लगातार 31 वां वर्ष है जब चीन ने अपने देश का रक्षा खर्च बढ़ाया है। रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर युद्ध, भू-राजनीतिक तनाव व सुरक्षा चिंताओं के चलते देशों ने हथियारों व रक्षा तैयारियों पर खर्च बढ़ाया है। बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि किसी भी देश द्वारा अत्यधिक सैन्य खर्च के फायदे और नुकसान दोनों ही होते हैं। वास्तव में, यह किसी देश की सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और सामाजिक विकास पर सीधा प्रभाव डालता है।अत्यधिक सैन्य खर्च के फायदे यह हैं कि इससे किसी देश विशेष की जहां एक ओर राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत होती है, वहीं दूसरी ओर इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। सरल शब्दों में कहें तो सेना, रक्षा उद्योग, हथियार निर्माण, अनुसंधान और तकनीकी क्षेत्रों में नौकरियां पैदा होती हैं।अत्यधिक सैन्य खर्च से किसी देश कातकनीकी विकास होता है। वास्तव में रक्षा अनुसंधान से नई-नई तकनीकें विकसित होती हैं, जिनका उपयोग बाद में आम जनता के लिए भी होता है (जैसे इंटरनेट, जीपीएस आदि)। सैन्य खर्च में बढ़ोत्तरी से उस देश विशेष का अंतरराष्ट्रीय प्रभाव बढ़ता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज मजबूत सैन्य शक्ति वाला देश वैश्विक राजनीति में अधिक प्रभावशाली माना जाता है। इतना ही नहीं एक फायदा यह भी है कि इससे(अत्यधिक सैन्य खर्च से) सेना युद्ध के अलावा बाढ़, भूकंप, महामारी जैसी आपदाओं में भी मदद करती है। वहीं दूसरी ओर अत्यधिक सैन्य खर्च की बात करें तो इसके नुकसान भी कम नहीं हैं। मसलन, इससे शिक्षा और स्वास्थ्य पर व्यापक असर पड़ता है। सरल शब्दों में कहें तो ज्यादा पैसा सेना पर खर्च होने से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और विकास योजनाओं के लिए कम धन बचता है और उस देश विशेष पर आर्थिक दबाव बढ़ता है। यदि कोई देश अत्यधिक सैन्य बजट खर्च करता है तो इससे सरकारी घाटा, कर्ज और महंगाई बढ़ सकती है। इतना ही नहीं, दुनिया में एक दूसरे की देखा-देखी में हथियारों की होड़ बढ़ती है, व तनाव व युद्ध का कारण बनता है।सामाजिक असंतुलन का भी जन्म होता है, जैसा कि यदि जनता गरीबी, बेरोजगारी से जूझ रही हो और सरकार हथियारों पर अधिक खर्च करे, तो असंतोष पैदा हो सकता है। अतः अंत में निष्कर्ष के तौर पर यही कहूंगा कि आज के समय में यह बात ठीक है किसी भी देश द्वारा अपने देश की संप्रभुता व सुरक्षा को बनाए रखने के लिए सैन्य खर्च बहुत ही जरूरी व आवश्यक है, लेकिन अत्यधिक सैन्य खर्च संतुलित नीति नहीं माना जाता है।

# दबाव से परे ईरान

अमेरिका-ईरान में दूसरे दौर की वार्ता को लेकर व्याप्त अनिश्चितता के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री ने जिस तरह यह कहा कि ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकना मुख्य मुद्दा है, उससे यही स्पष्ट हुआ कि उनकी प्राथमिकता बदली है। अभी तक अमेरिका ईरान में सत्ता परिवर्तन के साथ उसके मिसाइल कार्यक्रम को सीमित करने और परमाणु हथियार बनाने की योजना का परित्याग करने पर जोर दे रहा था। अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हमलों में ईरान के सर्वोच्च शासक खामेनेई के मारे जाने से वहां नेतृत्व तो बदल गया, पर सत्ता परिवर्तन फिर भी नहीं हो पाया। इसके बाद भी अब अमेरिका इसकी जरूरत नहीं जता रहा है। उसने ईरान के



मिसाइल कार्यक्रम की भी अनदेखी कर जिस प्रकार उसके परमाणु हथियार बनाने के इरादे को मुख्य मुद्दा बताया, उससे यही लगता है कि वह इसी मसले पर कोई समझौता कर लेना चाहता है। कठिनाई यह है कि ईरान इस मसले पर बात करने को तैयार नहीं। गत दिवस ही उसके विदेश मंत्री ने कहा था कि यूरेनियम संवर्धन समझौते के बाहर का मुद्दा है। इसका अर्थ है कि अमेरिका जिस मुद्दे को सबसे महत्वपूर्ण कह रहा, ईरान उसे कोई महत्व नहीं दे रहा। ईरानी विदेश मंत्री का यह भी दावा है कि उनके पास परमाणु क्षमता है, लेकिन वे हथियार नहीं बना रहे हैं। इस पर भरोसा नहीं किया जा सकता, क्योंकि ईरान ने नागरिक उपयोग के लिए तय सीमा से कहीं अधिक यूरेनियम संवर्धन कर लिया है। यह सीमा इतनी अधिक है कि वह कुछ ही समय में परमाणु हथियार बना सकता है। अमेरिका और इजरायल के साथ खाड़ी देश ऐसा कभी नहीं होना देना चाहेंगे। ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकना पश्चिम एशिया के साथ विश्व शांति के भी हित में है। उसे होर्मुज पर आधिपत्य जमाने के साथ-साथ परमाणु हथियार बनाने से भी रोका जाना चाहिए। कठिनाई यह है कि अमेरिका ईरान की नाकेबंदी करने के बाद भी उस पर इतना दबाव बनाने में समर्थ नहीं कि वह वार्ता की मेज पर आने को विवश हो। लगता है इस नाकेबंदी के बाद भी ईरान चोरी-छिपे तेल बेचने में समर्थ है। जो भी हो, अमेरिका ईरान पर दबाव बनाने में इसलिए भी अक्षम है, क्योंकि उसने जिस पाकिस्तान को मध्यस्थता सौंपी है, वह केवल संदेशों का आदान-प्रदान ही कर सकता है।

# समितियों को अधिक प्रभावी व क्रियाशील बनाया जाए: देवनानी

## सदस्यों की उपस्थिति और परीक्षणों की संख्या बढ़ाने पर की चर्चा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राजस्थान विधान सभा की समितियों को अधिक प्रभावी व क्रियाशील बनाए जाने की आवश्यकता प्रतिपादित की है। देवनानी ने विधान सभा की समितियों को जवाबदेही बनाने समितियों की बैठकों में सदस्यों की उपस्थिति बढ़ाने के साथ ही परीक्षणों की संख्या में वृद्धि किए जाने के लिए समितियों के सभापतियों से चर्चा की।

### विधान सभा की समितियां महत्वपूर्ण

देवनानी ने सभापतियों से कहा कि विधान सभा की समितियां महत्वपूर्ण होती है। इनको प्रभावी बनाया जाना आवश्यक है। देवनानी ने अपेक्षा जाहिर की है कि समितियों को सशक्त बनाने के लिए कमियों का निराकरण करे और कार्यों को परिणाम तक पहुंचाएं। देवनानी ने कहा कि विधान सभा की वित्तीय समितियों के माध्यम से वित्तीय प्रबंधन पर पूरी तरह से मॉनिटरिंग होती है। जनलेखा समिति की ओर से अंकेक्षण कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा कि राजकीय उपक्रम समिति, विभिन्न उपक्रमों की कार्यप्रणाली की निगरानी करती है। अनुसूचित जाति कल्याण समिति, अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति, पिछडे वर्ग के कल्याण संबंधी समिति, अल्पसंख्यकों के कल्याण संबंधी समितियों के माध्यम से इन वर्गों की समस्याएं और इनके निमित रखे गए बजट पर चर्चा की जाती है। देवनानी ने बताया कि प्रश्न व सन्दर्भ समिति, पर्यावरण संबंधी समिति आदि विषयों की समितियां भी अपने-अपने क्षेत्रों की समीक्षा करती है। इससे प्रशासनिक सुधार भी होता है।

### समितियों को अधिक सक्रिय बनाने की आवश्यकता:

राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि विधान सभा की समितियां सदन का लघुरूप होती है। इन समितियों को अधिक सक्रिय किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभापतियों को संबंधित समितियों में सदस्यों की उपस्थिति को आवश्यक रूप से सुनिश्चित करना होगा। देवनानी ने कहा कि सदस्यों को समितियों के कार्यों में प्रभावी रूप से शामिल करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सदस्य समिति की बैठक के समय का बैठक के कार्यों में पूरा सदुपयोग करे। देवनानी ने समिति के कार्यों में प्रत्येक सदस्य की रुचि बढ़ाने की आवश्यकता जताई।

### परीक्षणों की संख्या बढ़ाए:

राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि समितियों को उनसे संबंधित विभागों के विभिन्न मामलों में परीक्षणों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए समितियां विभागों के विषयों का चुनाव करें और विभागों को उन मामलों से संबंधित ब्यौरों की वांछित जानकारी आवश्यक रूप से उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित करें। देवनानी ने कहा कि एक महीने में दो परीक्षण आवश्यक रूप से किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि विभागीय अधिकारी समय बढ़ाने का अनुरोध करें, तो उस परीक्षण में दो दिन से अधिक समय नहीं दिया जाना चाहिए।

### सभापतियों ने दिए सुझाव:

बैठक में उपस्थित सभापतियों ने समितियों को सक्रिय बनाने के लिए सुझाव दिए। देवनानी के समक्ष समितियों की बैठक 10 दिन करने, मानदेय तीन हजार रुपये किए जाने, घटना व दुर्घटनाओं पर समिति को संज्ञान लेने, एक जिले में एक महीने में एक बार जाकर प्रत्यक्ष समीक्षा किए जाने, बैठकों का समय प्रथम पारी का प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक और ?द्वितीय पारी का समय 2:30 से 5:30 करने, परीक्षण में विधान सभा के वरिष्ठ अधिकारी की शामिल किए जाने संबंधी सुझाव आए। अध्यक्ष देवनानी की ओर से बुलाई गई बैठक में विधान सभा की समितियों के सभापति मौजूद रहे। बैठक में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, सभापति कालीचरण सराफ, राजेन्द्र पारीक, अर्जुन लाल जीनगर, फूल सिंह मीणा, हरि सिंह रावत, केसाराम चौधरी, नरेन्द्र बुडानिया, रमेश खींची, कल्पना देवी, कैलाश चन्द्र वर्मा और जितेन्द्र गोठवाल मौजूद रहे। बैठक में विधान सभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा भी उपस्थित रहे।

## भोमिया जी महाराज के दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ, 151 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** कस्बे के निकटवर्ती बागावास अहिरान के तलियारा स्थित भोमिया जी महाराज की दो दिवसीय कार्यक्रम का बुधवार को शुभारंभ हुआ इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर मौजूद रहे। वहीं कलश यात्रा कार्यक्रम आयोजन के 151 महिलाओं ने हिस्सा लिया।कलश यात्रा कुंडा धाम से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गो से गुजरते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंची। इस दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत सम्मान किया। वही कार्यक्रम आयोजन के अंतर्गत 151 ध्वज यात्रियों ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। जहां भोमिया जी महाराज के जयकारों से क्षेत्र को गुंजायमान किया। वहीं आयोजनकर्ताओं ने बताया कि गुरुवार को विशाल भंडारा सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें आसपास सहित दूर दराज के लोग भाग लेंगे। इस दौरान अनूप सिंह, नाथूराम जाट, रामस्वरूप स्वामी, जयराम स्वामी, हुकमचंद, कृष्ण, पर्वत सिंह, नाहर सिंह, सुभाष, मूलचंद यादव, रामसिंह यादव, बेदूसिंह, गोविंद सिंह ,भरत स्वामी, सुनाजी, विष्णु,महेंद्र जाट, विनोद, गुल्लु सिंह सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहन: 96' से अधिक अंक पर स्कूटी भेंट



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** कस्बे के विराट पब्लिक सीनियर सैकेंडरी डरी विद्यालय में बुधवार को स्कूटी वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उत्तर देहात के जिला अध्यक्ष सुरेश बादलीवाल रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, मंडल महामंत्री सत्यनारायण सैनी व मीडिया प्रभारी दीपेश चौबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के निदेशक महेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि विद्यालय की ओर से मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विशेष पहल शुरू की गई है। इसके तहत कक्षा 10 में 96 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को निशुल्क स्कूटी भेंट की जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक तीन विद्यार्थियों को स्कूटी दी जा चुकी है। इसी क्रम में बुधवार को मेधावी छात्र मोनू प्रजापत को भी निशुल्क स्कूटी प्रदान कर सम्मानित किया गया। निदेशक मीणा ने कहा कि अक्सर विराटनगर क्षेत्र के विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाते हैं, ऐसे में इस प्रकार की पहल से स्थानीय स्तर पर शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा और विद्यार्थियों का मनोबल भी ऊंचा होगा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शंकर चौधरी, व्याख्याता धर्मपाल सहित स्टाफ सदस्य प्रकाश, जितेंद्र, कृष्ण, धर्मेंद्र, सुरेंद्र, अशोक, गुलशन, मंजू शर्मा, संतोष सैनी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## भूतेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा



जयपुर टाइम्स

**नरैना(निसं)।** कस्बा स्थित सिंगली की पाल अंतिम उड़ान एयरपोर्ट मोक्षधाम परिसर में माली समाज के पूर्व अध्यक्ष समाज सेवी भंवर लाल दहिया की ओर से नवनिर्मित शिवालय का पंडित सीताराम शर्मा ने विधि-विधान व मंत्रोच्चारण के साथ शिव पंचायत के मुखिया बाबा भोलेनाथ व उनके प्रिय वाहन भगवान नंदी की प्राण प्रतिष्ठा भक्तिभाव व उल्लास के साथ संपन्न करवाई। वहीं दहिया की ओर से नवनिर्मित शिवालय का निवर्तमान पालिका अध्यक्ष सावित्री देवी स्वामी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। शुभारंभ से पूर्व सावित्री देवी स्वामी का भंवर लाल दहिया ने पुष्प गुच्छ भेंट कर शॉल ओढ़ाकर कर स्नेह भाव से अभिनंदन किया। समाजसेवी भंवर लाल दहिया ने 16 फीट लम्बा, सवा बारह फीट चौड़ा व सवा ग्यारह फीट ऊंचाई में चमकदार ग्रेनाइट पत्थर से निर्मित आंगन में मध्यप्रदेश के ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग से लाए गए शिवलिंग व नंदकेश्वर की प्रतिमा स्थापित करवाई है। इस दौरान बसंत, ऋतुराज, रूपचंद सैनी, मोहनलाल कुमावत, सत्यनारायण शर्मा, हुकमीचंद कुमावत सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंतिम उड़ान एयरपोर्ट मोक्षधाम परिसर में शिवालय निर्माण से पूर्व बालाजी, भैरूजी व माताजी का मंदिर बना हुआ है।

## मनौहरपुर में जानलेवा हमला व लूट मामले में दो इनामी आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**मनोहरपुर/(निस)जयपुर।** जिले के मनौहरपुर थाना पुलिस ने दुकान में तोड़फोड़, जानलेवा हमला और लूट के मामले में फरार चल रहे दो इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों पर एक-एक हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस के अनुसार, 11 अक्टूबर 2025 को मनौहरपुर क्षेत्र में एक रेडीमेड दुकान पर 10-15 बदमाशों ने हथियारों के साथ धावा बोल दिया था। आरोपियों ने दुकान में तोड़फोड़ की, दुकानदार पर जानलेवा हमला किया और करीब 45,750 रुपए लूटकर फरार हो गए थे। घटना के दौरान बदमाशों के पास तलवार, फरसा, कुल्हाड़ी और बंदूक जैसे हथियार थे इस मामले में पहले ही 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि कुछ नाबालिगों को निरुद्ध किया गया था। शेष आरोपी वारदात के बाद से फरार चल रहे थे और अलग-अलग स्थानों पर छिपे हुए थे।

## नंगे बिजली तार से करंट: लांखना में भैंस की मौत, किसान बाल-बाल बचा; लापरवाही पर सवाल

जयपुर टाइम्स



**सांगानेर(निस.)।** निकटवर्ती लांखना पंचायत क्षेत्र में मंगलवार शाम एक दर्दनाक हादसे में करंट की चपेट में आने से भैंस की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि किसान बाल-बाल बच गया। घटना ने बिजली विभाग की लापरवाही को उजागर कर दिया है। जानकारी के अनुसार शाम करीब 5 बजे कैलाश पंचौली के कुएं के पास खेत में किसान नानगराम पतालिया अपनी भैंस को पानी पिला रहा था। इसी दौरान भैंस का पैर जमीन पर पड़े नंगे बिजली के तार से छू गया और वह करंट की चपेट में आ गई। करंट लगते ही भैंस ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। भैंस की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है। पीड़ित किसान ने बताया कि खेत में पिछले 10-15 घंटों से बिजली के तार नीचे पड़े हुए थे, जिसकी शिकायत के बावजूद समय पर सुधार नहीं किया गया। गनीमत रही कि वह खुद इस हादसे से बच गया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। बुधवार को राजकीय पशु चिकित्सालय बीलवा में डॉ. तिरुपति शर्मा व टीम ने भैंस का पोस्टमार्टम किया। भैंस सात महीने की गर्भवती थी और उसके पेट से बच्चा भी निकला, जिससे घटना और भी मार्मिक हो गई। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से लापरवाही पर जवाबदेही तय करने और पीड़ित किसान को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## व्याख्याताओं की काउंसलिंग से पहले प्रधानाचार्य-उप प्रधानाचार्य की प्रक्रिया पूरी करने की मांग

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान समग्र शिक्षक संघ ने नव पदोन्नत व्याख्याताओं की काउंसलिंग प्रक्रिया में संशोधन की मांग उठाते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को ज्ञापन भेजा है। संघ ने मांग की है कि व्याख्याताओं की काउंसलिंग से पहले प्रधानाचार्य और उप प्रधानाचार्य की काउंसलिंग करवाई जाए तथा नव क्रमोन्नत विद्यालयों में पद सृजन के बाद ही आगे की प्रक्रिया शुरू की जाए। संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. उदयसिंह डिगार एवं प्रदेश मुख्य महामंत्री हरिश्चन्द्र प्रजापति ने बताया कि प्रधानाचार्य और उप प्रधानाचार्य पदोन्नति के बाद भी उनकी काउंसलिंग लंबित है, जिससे रिक्त पदों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही। कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष विजेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि पहले इन पदों की काउंसलिंग होने से व्याख्याताओं को विकल्प चयन के बेहतर अवसर मिलेंगे। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष यशवीर सिंह चौहान और रामनिवास जाखड़ ने बताया कि प्रदेश में सैकड़ों विद्यालयों को क्रमोन्नत किया गया है, लेकिन वहां अभी तक पद सृजन नहीं हुआ है। ऐसे में पहले इन विद्यालयों में व्याख्याताओं के पद सृजित कर उन्हें काउंसलिंग में शामिल किया जाना जरूरी है, ताकि विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञ शिक्षक मिल सकें। प्रदेश उपाध्यक्ष पवन नामा ने कहा कि छात्र हित, शिक्षक हित और सरकार के हित में काउंसलिंग प्रक्रिया का क्रम–पहले प्रधानाचार्य, फिर उप प्रधानाचार्य और उसके बाद व्याख्याताओं की काउंसलिंग–निर्धारित किया जाना चाहिए। इस मांग का समर्थन संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज, प्रदेश मंत्री डालूराम मीणा, जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा, हरिपूजन सिंह गुर्जर, जिला मंत्री जितेन्द्र सिंह गुर्जर, सुनील शर्मा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहनी मोहन गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया।

## झाड़-फूंक में सोना नहीं, निकली ठगी की तलवार: 4.5 लाख लूटने वाले गिरोह के 2 बदमाश दबोचे

### जमीन में गड़ा धन दिखाने का झांसा, जंगल में ले जाकर लूट–रेनवाल पुलिस की सटीक घेराबंदी

जयपुर टाइम्स

**किशनगढ़ रेनवाल/जयपुर(निस)।** सोना निकालने का सपना दिखाया, जंगल में बुलाया और फिर तलवारों की नोक पर 4.5 लाख रुपए लूट लिए–लेकिन अब पुलिस ने इस ठगी के खेल पर ब्रेक लगा दिया है। जयपुर ग्रामीण पुलिस की रेनवाल थाना पुलिस ने संगठित गिरोह के दो वांछित बदमाशों को गिरफ्तार कर पूरे नेटवर्क की परतें खोलनी शुरू कर दी हैं।

### कहानी शुरू होती है लालच से...

परिवादी को बताया गया– 'जमीन में दबा सोना निकालेंगे।' सौदा तय हुआ 5 लाख में। पहले 50 हजार, फिर 4.5 लाख लेकर उसे दांतारामगढ़ के जंगल में ले जाया गया। वहां इंतजार कर रही थी ठगी की स्क्रिप्ट–नकली सोना, असली हथियार और चारों तरफ से घेराबंदी। तलवारें लहराईं और देखते ही देखते नकदी व सामान लूट लिया गया। जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दे डाली। डर के कारण मामला दबा रहा, लेकिन जैसे ही गिरोह की असलियत सामने आई, पुलिस हरकत में आई। पहले तीन आरोपी दबोचे गए, अब फरार चल रहे दो और शातिर–उदयसिंह बावरिया (20) और ठाकुर सिंह बावरिया (59)को भी रेनवाल कस्बे से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि यह गिरोह 'गड़ा धन निकालने' का झांसा देकर लोगों को फंसाता, फिर सुनसान जगह ले जाकर लूट को अंजाम देता था। अब पूछताछ में और खुलासे होने की उम्मीद है।

### पुलिस टीम में यह रहे शामिल:

थानाधिकारी नरेश कंवर के नेतृत्व में एएसआई रामनिवास, प्रहलाद सिंह, महेंद्र सिंह सहित कांस्टेबल भागचंद, प्रकाश, मुकेश (विशेष भूमिका), सुनील (विशेष भूमिका), सुरेश, अशोक, विजेंद्र, अस्मित और महिला कांस्टेबल जीवणी व सुमन की टीम ने यह सटीक कार्रवाई की। सोना नहीं, ठगी का जाल मिलता है ऐसे झांसों में... पुलिस की सलाह–लालच से बचें, सतर्क रहें।

## जयपुर ग्रामीण पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 1 करोड़ के मादक पदार्थ जलाकर नष्ट, 13 थानों के 43 मामलों का किया निस्तारण

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** जयपुर ग्रामीण पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न थानों में जब्त अवैध नशीले पदार्थों को नष्ट कर दिया। पुलिस ने करीब 1 करोड़ रुपए कीमत के लगभग 900 किलो मादक पदार्थ जलाकर खत्म किए। पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद (IPS) ने बताया कि जिले के 13 थानों में दर्ज 43 प्रकरणों में जब्त डोडा पोस्त, गांजा, स्मैक और नशीली दवाइयों को न्यायालय से सत्यापन के बाद नष्ट किया गया। इनमें 895 किलो डोडा पोस्त, 38 किलो गांजा, 174 ग्राम स्मैक और 479 पत्ते नशीली गोलियों/कैप्सूल शामिल थे। यह कार्रवाई जिला औषधि निस्तारण समिति (DDC) की निगरानी में मौखमपुरा थाना क्षेत्र में की गई, जहां पुलिस टीम की मौजूदगी में मादक पदार्थों को जलाकर नष्ट किया गया। इस दौरान पूरी प्रक्रिया की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई गई।

### पुलिस टीम में शामिल अधिकारी:

हनुमान प्रसाद, पुलिस अधीक्षक (जयपुर ग्रामीण) रजनीश पूनियां, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) शिवलाल बैरवा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (दूदू) दीपक खंडेलवाल, वृत्ताधिकारी दूदू सुरेश गुर्जर (थानाधिकारी, मौखमपुरा) संबंधित थानों के मालखाना प्रभारी व अपराध शाखा टीम पुलिस के अनुसार, थानों के मालखानों में जब्त मादक पदार्थों के बढ़ते स्टॉक के कारण अन्य सामान रखने में परेशानी हो रही थी। इसी को देखते हुए नियमानुसार कार्रवाई कर निस्तारण किया गया।

### पुलिस का संदेश:

अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अवकाश कटौती के खिलाफ शिक्षक संघ का विरोध: राधाकृष्णन संघ ने बहाली व गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति की उठाई मांग



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन ने अवकाशों में की गई कटौती को लेकर विरोध जताते हुए मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं माध्यमिक शिक्षा बोर्ड बीकानेर के नाम तहसीलदार कार्यालय मनियां के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश लोधा के नेतृत्व में दिया गया। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश लोधा ने बताया कि सत्र 2026-27 के नवीन शिविरा पंचांग में ग्रीष्मकालीन अवकाश, जो पूर्व में 17 मई से 30 जून तक रहता था, उसमें 10 दिन की कटौती कर दी गई है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद विद्यार्थियों और शिक्षकों की मनोवैज्ञानिक स्थिति को नजरअंदाज करते हुए यह निर्णय लिया गया है, जिससे शिक्षक समुदाय में व्यापक असंतोष व्याप्त है। संघ ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य को मिलने वाले अधिकृत अवकाशों में भी कटौती की गई है, जो राजस्थान सेवा नियमों का उल्लंघन है। शिक्षकों पर पहले से ही शिक्षण के अलावा प्रशासनिक, अभिलेखीय, ऑनलाइन कार्य, विभागीय रिपोर्टिंग, प्रशिक्षण, परीक्षाओं की ड्यूटी, जनगणना, चुनाव व मतदाता सूची जैसे अनेक गैर-शैक्षणिक कार्यों का बोझ है, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि वर्षभर में कई बार चुनाव आयोग के कार्यक्रमों में शिक्षकों की ड्यूटी लगने से शिक्षण व्यवस्था बाधित होती है। ऐसे में अवकाशों में कटौती करना न केवल शिक्षकों बल्कि विद्यार्थियों के हितों के भी विपरीत है। संघ ने मांग की कि ग्रीष्मकालीन व शीतकालीन अवकाश सहित संस्था प्रधानों के अवकाशों में की गई कटौती को तत्काल बहाल किया जाए तथा शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त किया जाए। इस दौरान संरक्षक श्यामकांत यादव, सुखदेव, सोनू जैन, रामशंकर कुशवाह, दिनेश चंद मीना, अजय कुमार यादव, वीरेंद्र सिंह त्यागी, रज्जन सिंह गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष मनियां दिनेश चंद, ब्लॉक अध्यक्ष सैपऊ राहुल चौधरी, राजकुमार शर्मा, सुरेश कुमार मीना, गिरधारी लाल, ज्ञानसिंह, संजय कुमार, पवन कुमार सहित जिले के अनेक पदाधिकारी व शिक्षक उपस्थित रहे।

## ग्राम रथ अभियान शुरू: ढाणी-ढाणी तक पहुंच रही योजनाओं की जानकारी, 13 विभागों की योजनाओं का प्रचार

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट-2026 (ग्राम-2026) के तहत राज्य सरकार की ओर से संचालित "ग्राम रथ अभियान" का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों और पशुपालकों तक जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना और उन्हें योजनाओं से जोड़ना है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में चलाया जा रहा यह अभियान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। यह प्रधानमंत्री के 'सशक्त किसान, समृद्ध भारत' के विजन को साकार करने में सहायक साबित होगा।

### चारों विधानसभा क्षेत्रों में पहुंच रहे रथ:

अभियान के तहत जिले की धौलपुर, बाड़ी, बसेड़ी और राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों में ग्राम रथ संचालित किए जा रहे हैं। प्रत्येक रथ प्रतिदिन 4 से 5 गांवों में पहुंचकर ऑडियो-वीडियो माध्यम से योजनाओं की जानकारी दे रहा है।

### 13 विभागों की योजनाएं एक मंच पर:

ग्राम रथ अभियान में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य, सहकारिता, सिंचाई, उद्योग, ऊर्जा, राजस्व, पंचायतीराज और ग्रामीण विकास सहित 13 विभागों की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके लिए विभागों द्वारा प्रचार सामग्री भी उपलब्ध करवाई गई है।

### एलईडी पर मुख्यमंत्री का संदेश:

रथों में लगी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से मुख्यमंत्री का संदेश और संवाद प्रसारित किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ रही है और वे योजनाओं के प्रति प्रेरित हो रहे हैं।

### सुझाव पेटिका और चौपाल से जुड़ाव:

अभियान के तहत ग्राम रथों में सुझाव पेटिका रखी गई है, जिससे ग्रामीण अपने सुझाव सीधे सरकार तक पहुंचा सकते हैं। साथ ही संध्या चौपाल और स्थानीय कला जत्थों के माध्यम से लोक शैली में योजनाओं का प्रचार कर लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। यह अभियान अगले 15 दिनों तक चलेगा और गांव-गांव, ढाणी-ढाणी तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का कार्य करेगा।

## परिंदों के लिए सेवा: सेवादारों ने लगाए परिंडे



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** भीषण गर्मी के बीच बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए डेरा सच्चा सौदा के सेवादार आगे आए हैं। पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह की ओर से चलाए जा रहे 175 मानवता भलाई कार्यों के तहत एमएसजी आईटी विंग के सेवादारों ने कस्बे के एमएसजी डेरा सच्चा सौदा व मानवता भलाई केंद्र सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों और पेड़ों पर परिंडे लगाए। सेवादारों ने इन परिंडों में नियमित रूप से पानी भरने की जिम्मेदारी भी संभाली और आमजन से अपील की कि वे भी अपने घरों व आसपास के क्षेत्रों में परिंडे लगाकर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता बढ़ती है और समाज में मानवता की सेवा का संदेश फैलता है। सच्चे नम्र सेवादार प्रभुदयाल इंसा ने बताया कि गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पानी की कमी जीवन के लिए खतरा बन जाती है, ऐसे में यह पहल उनके जीवन बचाने में सहायक साबित होगी। इस सेवा कार्य में राकेश, किशन, रमेश, विनोद, जयभगवान, श्यामलाल, संदीप, मोहनलाल, प्रतीक और ऋषभ सहित कई सेवादार मौजूद रहे।

## शॉर्ट सर्किट से भाजपा नेता राकेश जांगिड़ के ऑफिस में लगी आग



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** कस्बे में बुधवार दोपहर एक बड़ा हादसा सामने आया, जहां पूर्व विधानसभा भाजपा प्रत्याशी व भाजपा नेता राकेश जांगिड़ के ऑफिस में अचानक आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी, जिसने देखते ही देखते पूरे कार्यालय को अपनी चपेट में ले लिया। घटना दोपहर करीब 11 बजे की है, जब ऑफिस से उठती तेज लपटों और धुएं को देखकर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। आग की लपटें बाहर तक दिखाई देने लगीं। पड़ोसियों व परिजनों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी और स्वयं भी आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन तब तक कार्यालय में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था। सूचना मिलते ही थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। एएसआई विजय कुमार मय जाप्ता घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। आगजनी से लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## जनगणना का मनोयोग से लें प्रशिक्षण: ओमप्रकाश वर्मा



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** देशभर में होने वाली 16 वीं जनगणना को लेकर प्रशासन ने युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। स्थानीय राजकीय पीसीबी उच्च माध्यमिक विद्यालय में जनगणना कार्य के लिए प्रगणक और सुपरवाइजर की ट्रेनिंग का उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने उद्घाटन किया। उपखंड अधिकारी ने सभी लोगों से जनगणना के कार्य को लगन व सही आंकड़ों के साथ सम्पन्न कराने की अपील की। ओमप्रकाश वर्मा ने कहा कि यह कार्य आपके लिए नया नहीं है और यह कार्य चुनाव के कार्य से काफी आसान है। उन्होंने कहा कि प्रशासन किसी भी प्रकार की दिक्कत आप लोगों को नहीं होने देगा। अगर किसी को कोई दिक्कत आती है, तो वो इंचार्ज को कह सकते हैं। उन्होंने मनोयोग के साथ प्रशिक्षण हासिल करने की अपील की। इस दौरान तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक ने प्रशिक्षण के दौरान की गई व्यवस्थाओं के बारे में बताया और सहयोग की अपील की। वहीं प्रशिक्षण के दौरान सहायक अभियंता चारवी, एसीबीईओ रणजीतसिंह भींचर सहित अनेक कार्मिक मौजूद रहे। आगामी 9 मई तक चलने वाली इस ट्रेनिंग में कुल 601 प्रगणक और सुपरवाइजर को जनगणना की ट्रेनिंग दी जाएगी। कुल 15 बैच में आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण में 10 ट्रेनर्स प्रशिक्षण देने का काम कर रहे हैं। वहीं प्रोजेक्टर्स की सहायता से यह ट्रेनिंग दी जा रही है।

## पक्षियों की प्यास बुझाने का लिया संकल्प, लगाए परिंडे

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मंडावा थाने के परिसर में बुधवार को पक्षियों के लिए दाना पानी के लिए परिंडे बांधे गए। मंडावा थानाधिकारी राम नारायण चोयल पर्यावरण प्रेमी व पक्षी मित्र संजय शर्मा, हिंदुस्तान स्काउट गाइड के प्रभारी प्रदीप इसरवाल के सानिध्य में बेजुबान पक्षियों के लिए थाना परिसर में परिंदे लगाए गए। थानाधिकारी राम नारायण चोयल ने बताया कि बेजुबान पक्षियों के लिए



परिंडे लगाने के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण पर जोर देना चाहिए। बताया कि पक्षियों की सेवा करना ही व्यक्ति का पहला कर्तव्य होता है। सेवा करनें से मन को तो शांति मिलती ही है।ओर सकारात्मक विचार आते है। ऐसे पवित्र कार्य करने से भगवान भी खुश होकर अच्छे कार्य करने की शक्ति देते है।इसलिए हमे पर्यावरण और पक्षी मित्र बनकर रोज उनकी सेवा करनी चाहिए। इस शुभ अवसर पर थाना स्टाफ ने पक्षियों के परिंदे को भरने की जिम्मेदारी ली।

# भगवान की लीलाओं में आस्था रखना ही भक्ति है: कानपुरी महाराज

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव रामसर में स्थित धोळी नाडी में श्रीमद्भागवत्कथा का आयोजन किया जा रहा है। श्री काशीपुरीजी महाराज सेवा समिति धोली नाड़ी, रामसर की ओर से श्री श्री 1008 श्री स्वामी काशीपुरी महाराज की द्वितीय तपोभूमि आश्रम में अयोजित हो रही इस कथा के छठे दिन उपस्थित श्रद्धालुओ को सम्बोधित करते हुए महंत स्वामी कानपुरी महाराज ने कहा कि भगवान की समस्त लीलाओं में गूढ़ रहस्य होता है, इसलिए भगवान की लीलाओं को कभी संदेह की दृष्टि से नहीं देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान की लीलाओं में अनेक प्रसंग ऐसे आते हैं, जिससे व्यक्ति अपनी बुद्धि से घटनाओ को गलत ठहराने का प्रयास करता है, जबकि उन घटनाओं के संदेश सालों-साल तक सामने आते हैं। भगवान की लीलाओ में आस्था रखना ही सच्ची भक्ति है। इस अवसर पर कानपुरी महाराज ने कालिया नाग की कथा सहित अनेक प्रसंग भक्तजनों को सुनाए। वहीं कथा के दौरान समाजसेवी शंकरलाल सामरिया, किशोरदास स्वामी, अशोक कुमार जाखड़ की ओर से कथावाचक स्वामी कानपुरी महाराज का साफा पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर, माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। कथा के दौरान करंट बालाजी धाम के बजरंगपुरी महाराज, साध्वी संतोष पुरी महाराज का सानिध्य भी प्राप्त हो रहा है। आयोजन को सफल बनाने में महंत बजरंगलाल तंवरा, भंवरलाल गौड़, शिवप्रकाश बोहरा, भंवरलाल बेड़ा, रामरतन शर्मा, विनोद शरण, बनवारीलाल, पुखराल शर्मा, तिलोकचंद सहित अनेक श्रद्धालु सहयोग कर रहे हैं।

## लक्ष्मणगढ़ में परिंडे अभियान शुरू

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** भीषण गर्मी के बीच बेजुबान पक्षियों को राहत देने के लिए लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट, लक्ष्मणगढ़ की ओर से परिंडे अभियान की शुरुआत की गई। उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा के सानिध्य में उपखंड कार्यालय से अभियान का शुभारंभ किया गया। ट्रस्ट पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में परिंडे लगाकर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। उपखंड अधिकारी मीणा ने पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान समाज के लिए प्रेरणादायक है और सभी को इसमें सहभागिता निभानी चाहिए। ट्रस्ट ने बताया कि जरूरत के अनुसार अन्य स्थानों पर भी परिंडे लगाए जाएंगे। आमजन से घरों व सार्वजनिक स्थलों पर परिंडे लगाने की अपील की गई। कार्यक्रम में प्रकाश पासोरिया, राजेंद्र कुमार शर्मा, कमल कुमावत, राजपाल सिंह सहित अनेक पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गुरूपर्व दो दिवसीय महोत्सव आज से

**मण्डावा(निस)।** स्वामी खेतादास महाराज, लोहार्गल में गुरूपर्व दो दिवसीय महोत्सव गुरूवार को स्वामी रामचरणदास महाराज के सानिध्य में रात्रि सत्संग व भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रभारी हनुमानप्रसाद खटनावलिया ने बताया की एक मई को सुबह आरती के पश्चात महासभा की बैठक आयोजित की जाएगी।

## मण्डावा में सात दिवसीय भागवत कथा का समापन

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** महाजन पंचायत भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का सप्तम दिवस श्रद्धा व भक्ति के साथ संपन्न हुआ। कथा व्यास आचार्या रजनीश्वरी मिश्रा ने सुदामा चरित्र, राजा परीक्षित के मोक्ष, भगवान दत्तात्रेय के 24 गुरुओं तथा कलयुग के स्वरूप का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने सुदामा-श्रीकृष्ण प्रसंग के माध्यम से सच्ची मित्रता, त्याग और निष्काम भक्ति का संदेश दिया। वहीं राजा परीक्षित के मोक्ष प्रसंग से कथा श्रवण के महत्व को बताया। दत्तात्रेय के 24 गुरुओं की व्याख्या करते हुए प्रकृति और जीव-जंतुओं से सीख लेने की प्रेरणा दी। कलयुग वर्णन में नाम-स्मरण को सबसे सरल उपाय बताया। कथा समापन के बाद ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष अरविन्द पारीक द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान राजकुमार सिंघानिया, सीमा देवड़ा, उमा हेमाणी, सरोज तुनवाल, सरोज सिंघानिया, मंजू सैनी, सुशीला, भंवरी सैनी, विमला, आनन्द सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## निजी स्कूल के खिलाफ धरना तीसरे दिन भी जारी

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सीबीईओ आफिस सामने मोदी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के अभिभावकों का धरना लगातार तीसरे दिन जारी रहा। धरने पर बैठे बाबूलाल मेघवाल को समर्थन देने के लिए परिजन मनोज सामरिया भी सामने आए। मनोज ने बताया कि मेरा बच्चा मयूर आरटीई के तहत मोदी पब्लिक स्कूल में पढ़ता है, लेकिन मुझसे पाठ्य पुस्तकों के पैसे लिए गए। वहीं कुछ महिलाओं ने भी धरने पर शिरकत की, जिनमें सीता देवी, ममता देवी, सरिता बिन्दु आदि के नाम शामिल हैं। आपको बता दें कि एक दिन पहले धरने के समाप्त होने की बात सामने आई थी, लेकिन लिखित सहमति नहीं होने के कारण धरना जारी रखने का निर्णय धरनार्थी बाबूलाल मेघवाल ने ले लिया।

## अहमदाबाद में 'ग्राम-2026' इनवेस्टर मीट आज: एग्रीटेक, डेयरी व सहकारिता में निवेश के नए अवसर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान को कृषि नवाचार और निवेश का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। कृषि विभाग द्वारा 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम)-2026' के तहत 30 अप्रैल को अहमदाबाद में इनवेस्टर मीट आयोजित की जाएगी, जिसमें एग्रीटेक, डेयरी और सहकारिता क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर व्यापक मंथन होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। साथ ही कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल तथा पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत की भी गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इस आयोजन में नीति निर्माता, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, निवेशक, स्टार्टअप्स और सहकारिता क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ एक मंच पर एकत्रित होंगे। प्रमुख शासन सचिव (कृषि एवं उद्यानिकी) मंजू राजपाल और गुजरात सरकार के कृषि, किसान कल्याण एवं सहकारिता विभाग के प्रमुख सचिव रमेश चंद मीणा सहित कई विशेषज्ञ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम के तहत रोड-शो और निवेशकों के साथ वन-टू-वन मीटिंग्स भी आयोजित की जाएंगी, जिससे संभावित साझेदारियों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही 'एनिमल हसबेंड्री, डेयरी और कोऑपरेटिव्स में अवसर एवं निवेश संभावनाएं' विषय पर पैनल चर्चा भी होगी। राज्य सरकार का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को तकनीक आधारित, आत्मनिर्भर और निवेश-अनुकूल बनाना है। 'ग्राम-2026' के तहत आयोजित यह पहल न केवल निवेश आकर्षित करेगी, बल्कि राजस्थान को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर एग्रीटेक हब के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाएगी।

## समान्य ज्ञान प्रतियोगी परीक्षा के टॉप टेन विद्यार्थियों का सम्मान आज

**जयपुर टाइम्स/मण्डावा(निस)।** कस्बे की समाज सेवी संस्थान श्री गांधी जनकल्याण समिति, मण्डावा की ओर से गुरूवार को सुबह साढ़े दस बजे आदर्श विद्या मन्दिर उमावि, मण्डावा में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में अव्वल रहे टॉप टेन विद्यार्थियों का माला पहनाकर नगद राशि व पाठ्य सामग्री भेंटकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक सूर्यप्रकाश लाहोरा ने बताया कि प्रतियोगिता में करीब एक सौ दस विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

**इनका होगा सम्मान**

छात्र क्रमशः जतिन जांगिड़, गनिष्क जांगिड़, कार्तिक गहलोत, हर्ष कुमावत, नसरीन खान, अंश सहारण, हंसिका स्वामी, पीयूष, हर्षित सिंह, चेतन कुमावत आदि विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।


**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**

E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :–न.प.सु/विकास शाखा/2026/674 दिनांक :– 23.04.2026

**:–ई–निविदा सूचना–2026–27:–**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदा दिनांक 04.05.2026 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक (DLB2627WSOB02370), (DLB2627WSOB02371) है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद, सुजानगढ

राज.संवाद/सी/26/1714



राजस्थान सरकार

**कार्यालय प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर, चूरू (राज.)**

क्रमांक- आसावि/जनगणना/निविदा/2025-26/270 दिनांक :-21/04/26

**खुली निविदा सूचना 03 /2026-27**

कार्यालय जिला प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर, चूरू के द्वारा जिला चूरू के कुल 21 जनगणना चार्ज अधिकारी स्तर पर (10 तहसीलदार व 11 नगरपालिका / नगरपरिषद स्तर पर ) जनगणना कार्य हेतु कुल 21 तकीनीक सहायक कार्य जॉब बेसिस (Outsource of work) पर करवाने हेतु इच्छुक पात्र संवेदकों से दिनांक 04.05.2026 समय 01:00 पीएम तक निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी अनुमानित लागत राशि 94.50 लाख रूपये है। विस्तृत निविदा https//eproc.rajasthan.gov.in and https//sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB- ESD2627A0047
UBN- ESD2627SLOB00048

जिला जनगणना अधिकारी एवं
अतिरिक्त जिला कलक्टर, चूरू

DIPR/C/7543/2026



**कार्यालय ग्राम पंचायत बेगा की नांगल पं.स. पाटन (सीकर)**

क्रमांकः 14 दिनांक 29.04.2026

**ई-निविदा / खुली बोली सूचना - 01/2026-27**

ग्राम पंचायत के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तिय वर्ष 2026-27 में घर-घर कचरा एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानो से कचरा संग्रहण एवं प्रथक्करण, गांवो की सडक एवं नाली सफाई कार्य की सेवाओं हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 व ग्रामीण विकास एवं पचायतीराज विभाग (अनुभाग - 5) की गाईडलाईन अनुसार इच्छुक बोलीदाता / संवेदक / फर्म जो कि वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हो, से दिनांक 08.05.2026 को दोपहर 1.00 बजे तक खुली बोली / ई निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत सूचनाएं एवं शर्ते वेबसाईट https//eproc.rajasthan.gov.in & https//sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. PKP2627WSRC00031

प्रशासक
ग्रा.पं. बेगा की नांगल

ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा.पं. बेगा की नागल



**कार्यालय ग्राम पंचायत न्यौराणा पं.स. पाटन (सीकर)**

क्रमांकः 16 दिनांक : 28.04.2026

**ई-निविदा / खुली बोली सूचना - 02 /2026-27**

ग्राम पंचायत के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तिय वर्ष 2026-27 में घर-घर कचरा एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानो से कचरा संग्रहण एवं प्रथक्करण, गांवो की सडक एवं नाली सफाई कार्य की सेवाओं हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 व ग्रामीण विकास एवं पचायतीराज विभाग (अनुभाग - 5) की गाईडलाईन अनुसार इच्छुक बोलीदाता / संवेदक / फर्म जो कि वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हो, से दिनांक 08.05.2026 को दोपहर 1.00 बजे तक खुली बोली/ई निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत सूचनाएं एवं शर्ते वेबसाईट https//eproc.rajasthan.gov.in & https//sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. PKP2627WSRC00031

प्रशासक
ग्रा.पं. न्यौराणा

ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा.पं. न्यौराणा



**कार्यालय ग्राम पंचायत डोकन पं.स. पाटन (सीकर)**

क्रमांक : 97 दिनांक : 29.04.2026

**ई-निविदा / खुली बोली सूचना - 01/2026-27**

ग्राम पंचायत के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तिय वर्ष 2026-27 में घर-घर कचरा एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानो से कचरा संग्रहण एवं प्रथक्करण, गांवो की सडक एवं नाली सफाई कार्य की सेवाओं हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 व ग्रामीण विकास एवं पचायतीराज विभाग (अनुभाग - 5) की गाईडलाईन अनुसार इच्छुक बोलीदाता / संवेदक / फर्म जो कि वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हो, से दिनांक 08.05.2026 को दोपहर 1.00 बजे तक खुली बोली / ई निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत सूचनाएं एवं शर्ते वेबसाईट https//eproc.rajasthan.gov.in & https//sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. PKP2627WSRC00032

प्रशासक
ग्रा.पं. डोकन

ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा.पं. डोकन

# 2 साल से फरार इनामी हत्यारा गुजरात से गिरफ्तार

## साधु बनकर छिपता रहा आरोपी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले की पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे और पिछले दो वर्षों से फरार चल रहे 20 हजार के इनामी आरोपी को गुजरात के राजकोट से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी फरारी के दौरान कभी साधु का वेश धारण कर मंदिरों में छिपा रहा तो कभी नाम बदलकर कंपनी में काम करता रहा। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में चलाए जा रहे वांछित



अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत जिला स्पेशल टीम (DST) और कोतवाली थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए इस सफलता को हासिल किया।

**हत्या के मामले में काट रहा था उम्रकैद की सजाः**

गिरफ्तार आरोपी अमरदास उर्फ अमृतदास पुत्र मुरारीलाल, निवासी बिहानी थाना गोहद, जिला भिंड (मध्यप्रदेश) को वर्ष 2018 में थाना रामगढ़ पचवारा, जिला दौसा में दर्ज हत्या के मामले में न्यायालय की ओर से आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। आरोपी 9 जनवरी 2024 को जिला कारागृह धौलपुर से फरार हो गया था, जिसके बाद उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लगातार तलाश की जा रही थी।

**साधु बनकर छिपा, नाम बदलकर करता रहा नौकरीः**

पुलिस जांच में सामने आया कि फरारी के दौरान आरोपी- गुजरात के राजकोट में नाम बदलकर एक कंपनी में काम कर रहा था और भिंड (मध्यप्रदेश) क्षेत्र में मंदिर में साधु के वेश में छिपा रहा,लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बचने की कोशिश करता रहा

**3 महीने की मेहनत के बाद मिली सफलताः**

जिला स्पेशल टीम ने करीब तीन महीने तक लगातार तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर तंत्र के जरिए आरोपी की लोकेशन ट्रेस की। इसके बाद टीम ने राजकोट पहुंचकर सुनियोजित तरीके से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल आरोपी से गहन पूछताछ जारी है और फरारी के दौरान उसकी मदद करने वालों की भी जांच की जा रही है।

**हेड कांस्टेबल दीनदयाल की रही महत्वपूर्ण भूमिकाः**

इस पूरी कार्रवाई में हेड कांस्टेबल दीनदयाल की भूमिका सबसे अहम रही। उन्होंने लगातार फील्ड में रहकर-आरोपी के संभावित ठिकानों पर गुप्त जानकारी जुटाई,अपनी पहचान छिपाकर नेटवर्क तक पहुंच बनाई और मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर सटीक सूचना हासिल की, हेड कांस्टेबल दीनदयाल की सूझबूझ, मेहनत और समर्पण के चलते ही पुलिस आरोपी तक पहुंचने में सफल हो सकी।पुलिस टीम में वीरेंद्र मीणा (उप निरीक्षक, थाना प्रभारी कोतवाली), घनश्याम सिंह (उप निरीक्षक, प्रभारी ष्ठस्स्न), भरत सिंह, दीनदयाल (हेड कांस्टेबल), रामचंद्र, नरेंद्र सिंह, कोमल सिंह एवं चालक दिलीप सिंह शामिल रहे।

# धौलपुर में झोलाछाप डॉक्टरों पर सख्तीः स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, विशेष टीमें कर रहीं कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में गर्मी बढ़ते ही बीमारियों के फैलने की आशंका के बीच स्वास्थ्य विभाग ने अवैध रूप से इलाज करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी धर्मसिंह मीणा के निर्देश पर गठित विशेष टीमें गांव-गांव जाकर अपंजीकृत क्लीनिकों की जांच कर रही हैं। सीएमएचओ धर्मसिंह मीणा ने बताया कि बिना डिग्री और पंजीकरण के इलाज करने वाले झोलाछाप डॉक्टर आमजन के स्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ कर रहे हैं, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभागीय टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि वे संदिग्ध क्लीनिकों की सघन जांच करें और जहां भी अनियमितताएं पाई जाएं, वहां तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करें। अभियान के तहत अब तक कई स्थानों पर जांच की जा चुकी है और आगे भी यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इधर, बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) स्तर पर विशेष इंतजाम किए गए हैं। जीवन रक्षक दवाओं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध कराया गया है तथा सभी चिकित्सकों को अपने केंद्रों पर नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमएचओ ने आमजन से अपील की है कि वे केवल पंजीकृत और योग्य चिकित्सकों से ही इलाज कराएं तथा किसी भी झोलाछाप डॉक्टर की जानकारी तुरंत स्वास्थ्य विभाग को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। स्वास्थ्य विभाग के इस सख्त रुख से जिले में अवैध चिकित्सा गतिविधियों पर अंकुश लगने की उम्मीद है।

# धौलपुर में आयुष्मान आरोग्य शिविरों का सघन निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में चल रहे 100 दिवसीय 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत आयोजित आयुष्मान आरोग्य शिविरों का मंगलवार को राज्य स्तरीय टीम ने सघन निरीक्षण किया। निदेशक जन स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाएं, राजस्थान के निर्देशन में गठित टीम ने हाई रिस्क ग्राम रिझोनी और गोलीपुरा का दौरा कर जमीनी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला नोडल अधिकारी चन्द्र प्रकाश (एसपीपीएम) व जितेंद्र (पीरामल फाउंडेशन) भी टीम के साथ मौजूद रहे। शिविर स्थल पर डीपीसी प्रेम सैनी, एनटीईपी स्टाफ, सीएचओ, एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। वहीं हंस फाउंडेशन के सौरभ सक्सेना अपनी टीम एवं मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) के साथ सेवाएं देते हुए उपस्थित रहे। अधिकारियों ने अभियान से जुड़े सभी प्रमुख इंडिकेटर्स का गहन मूल्यांकन किया तथा निक्षय मित्रों की ओर से वितरित किए जा रहे फूड बास्केट की प्रगति की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कुछ कमियां सामने आईं, जिन पर सीएमएचओ एवं संबंधित बीसीएमओ को तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से लंबित निक्षय पोर्टल एंट्री को शीघ्र पूर्ण करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अभियान का उद्देश्य केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर टीबी उन्मूलन की दिशा में ठोस प्रगति सुनिश्चित करना है। उन्होंने संबंधित कार्मिकों को पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए जिले को शीघ्र टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के निर्देश दिए।

# चरागाह भूमियों को अतिक्रमण मुक्त करवाने की मांग

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** शिवसेना(यूबीटी) के तहसील प्रमुख रामफूल धाकड़ ने जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंप कर उपखण्ड क्षेत्र की समस्त चरागाह भूमियों को अतिक्रमण मुक्त करवाने के साथ ही सीमांकन एवं संरक्षण की मांग की। धाकड़ ने बताया कि उपखण्ड क्षेत्र की चरागाह भूमियों पर भूमाफियाओं ने अतिक्रमण कर रखा है। जिसकी वजह से गौवंश सहित अन्य मवेशियों के चरने का संकट पैदा हो गया हैं। इस सम्बंध में क्षेत्रवासियों की ओर से 7 जनवरी को बिजौलियां उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही की मांग की गई थी। परन्तु आज तक भी अतिक्रमियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई। ज्ञापन में बताया कि उच्चतम न्यायालय ने साल 2011 में सभी राज्यों को चरागाह पर अवैध कब्जों को हटवाने व अवैध कब्जेदारों को नियमित नहीं करने का आदेश दिया था। इसके बाद भी आदेश की पालना नहीं की जा रही हैं।पत्र में अतिक्रमियों को पाबन्द करने की मांग की गई ताकि भविष्य में पुनः अतिक्रमण न करें।

# मैत्रीवाड़ा में आटा-साटा मामले को लेकर विवाद, महिला पर बरसाई लाठियां



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जिले के रानीवाड़ा थाना क्षेत्र के मैत्रीवाडा में एक परिवार में आटा-साटा मामले को लेकर विवाद हो गया, इसके बाद एक महिला पर दो जनों ने लाठियां बरसा दी। इसका एक सीसीटीवी वीडियो भी वायरल हुआ है। मामले में महिला ने पुलिस थाने में रिपोर्ट भी दी है। मैत्रीवाडा निवासी कालीदेवी पत्नी वगताराम कलबी ने रिपोर्ट में बताया कि मेरे देवर रमेश कुमार के साटा में मेरी बेटी भावना कुमारी का विवाह किया हुआ है, रमेश कुमार की पत्नी रमेश कुमार के घर पर है तथा मेरी बेटी भावना अपने ससुराल धामसीन में है, लेकिन मेरे ससुर सोमाराम व मेरे देवर रमेश कुमार मेरी बेटी भावना की शादी तुडवाकर उसे हमारे घर लाने के लिए दबाव बना रहे है, लेकिन मै इस बात के लिए तैयार नहीं हुई। इस बात को लेकर 22 अप्रेल को सुबह करीब 09.30 बजे मेरे देवर रमेश कुमार पुत्र सोमाराम व मेरे ससुर दोनों एकराय होकर पूर्व तैयारी के साथ हाथो में लाठी व पत्थर लेकर आये तथा हमारे घर के बंद आंगन में अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर मेरे साथ मारपीट करने लगे। मारपीट में मेरे शरीर पर चोटें लगी। उस दौरान मेरे पति वगताराम मेरी पुत्री नर्मदा व हमारे पड़ोसी देवाराम पुत्र गजाजी कलबी निवासी मैत्रीवाडा ने आकर बीच बचाव कर बड़ी मुश्किल से मुझे छुड़ाया, तब जाकर मेरे ससुर व मेरे देवर मेरे घर से रवाना होकर अपने घर चले गए। महिला ने दोनों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# गौशाला में सेवा व संरक्षण का संगमः पक्षी घर का शिलान्यास, भामाशाहों की उमड़ी आस्था

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** क्षेत्र की श्रीराम गौशाला कोलीवाड़ा में बुधवार को सेवा, समर्पण और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम देखने को मिला। गौसेवा के साथ प्रकृति संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए गौशाला परिसर में प्रस्तावित पक्षी घर (बर्ड हाउस) का विधिवत शिलान्यास किया गया। आयोजन ने जहां जीव-जंतुओं के संरक्षण का संदेश दिया, वहीं भामाशाहों की बढ़ती भागीदारी ने माहौल को सेवा भावना से सराबोर कर दिया। गौशाला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मूलचंद नामदेव के प्रयासों से नामदेव समाज व जागनाथ महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में श्री नीलकंठ महादेव मंदिर के महंत पं. अशोक व्यास ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कर शिलान्यास किया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और पूरे परिसर में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा।

वक्ताओं ने कहा कि बदलते परिवेश में पक्षियों के लिए सुरक्षित आवास की व्यवस्था करना समय की जरूरत है। गौशाला की यह पहल पर्यावरण संतुलन को मजबूती देने के साथ समाज में जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाएगी। गौशाला समिति ने इसे 'सेवा का नया अध्याय' बताते हुए सभी सहयोगियों व महिला मंडल का आभार जताया। गौशाला अध्यक्ष धीरज सांखला के नेतृत्व में संस्था निरंतर नवाचारों की ओर अग्रसर है। समिति उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा ने बताया कि जोधपुर के महेंद्र सिंह ने एक ट्रॉली, महेंद्र गेहलोत (ठेकेदार) ने दो ट्रॉली,






शंकर भाई भाटी, लखपत भाई गांधी व सोनपुरा निवासी राजेंद्र वैष्णव ने एक-एक ट्रॉली हरा चारा भेंट किया। इस सहयोग से गौशाला में चारे की व्यवस्था और सुदृढ़ हुई है। समिति ने सभी भामाशाहों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम ने एक बार फिर साबित किया कि सामूहिक प्रयासों से सेवा और संरक्षण के कार्यों को नई दिशा मिलती है।

# चलती ट्रेन के ब्रेक में लगी आग, पॉइंट्समैन की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** धौलपुर रेलवे स्टेशन के पास बुधवार सुबह एक बड़ा रेल हादसा उस समय टल गया, जब तेज रफ्तार से गुजर रही ट्रेन के जनरल कोच में अचानक आग लग गई। घटना सुबह करीब 5:52 बजे की है, जब ट्रेन संख्या 15549 दुर्ग से लुधियाना की ओर जा रही थी और धौलपुर स्टेशन को बिना रुके पार कर रही थी। बताया जा रहा है कि ट्रेन के एक जनरल कोच के ब्रेक पेडल से अचानक धुआं उठने लगा और देखते ही देखते आग की लपटें नजर आने लगीं। स्टेशन पर तैनात पॉइंट्समैन की नजर जैसे ही इस पर पड़ी, उन्होंने तत्काल हरी झंडी की बजाय लाल झंडी दिखाकर ट्रेन को रोकने का संकेत दिया। उनकी सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलते ही स्टेशन मास्टर और रेलवे इंजीनियर मौके पर पहुंचे और ट्रेन को धौलपुर स्टेशन के आउटर पर ही रुकवा लिया गया। रेलवे कर्मचारियों ने बिना देर किए कोच में मौजूद अग्निशमन उपकरणों का उपयोग कर आग पर काबू पाया। जांच में सामने आया कि ब्रेक जाम होने के कारण अत्यधिक घर्षण से पेडल में आग लग गई थी, जिसे मौके पर ही ठीक कर लिया गया। घटना के दौरान कोच में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन रुकते ही कई यात्री नीचे उतर आए। ट्रेन में सफर कर रहे यात्री सुनील



कुमार ने बताया कि पैरदान के पास आग लगी देख उन्होंने तुरंत अन्य यात्रियों को सतर्क किया, जिससे सभी लोग समय रहते सुरक्षित बाहर निकल सके। करीब 40 मिनट की मशक्कत के बाद मरम्मत कार्य पूरा किया गया और सुबह लगभग 6:30 बजे ट्रेन को दोबारा रवाना कर दिया गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। रेलवे अधिकारियों के अनुसार भीषण गर्मी के कारण ब्रेक सिस्टम में घर्षण बढ़ने से यह घटना हुई। समय रहते सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया। धौलपुर के बाद ट्रेन का अगला प्रमुख ठहराव आगरा कैंट स्टेशन है।

# हाई टेंशन लाइन में स्पार्किंग से फर्नीचर गोदाम में भीषण आग, लाखों का सामान राख; पीड़ितों पर रोजी-रोटी का संकट

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिले के मनियां उपखंड क्षेत्र में नेशनल हाईवे-44 स्थित तेरह पुलिया के पास मंगलवार देर रात भीषण आग लगने से एक फर्नीचर गोदाम जलकर पूरी तरह खाक हो गया। हादसे में लाखों रुपए का सामान जल गया, जिससे पीड़ित परिवार के सामने अब दो वक्त की रोटी का संकट खड़ा हो गया है। जानकारी के अनुसार रात करीब 2:30 बजे गोदाम के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन में अचानक स्पार्किंग हुई, जिससे नीचे रखे फर्नीचर ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और गोदाम में रखी लकड़ी व तैयार फर्नीचर धू-धू कर जलने लगा।

आग की ऊंची लपटें देख आसपास के लोग और ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। लोगों ने तुरंत विद्युत विभाग को सूचना देकर बिजली सप्लाई बंद करवाई और मनियां थाना पुलिस को भी अवगत कराया। स्थानीय लोगों ने समरसेबल पंप, बाल्टी, जग और अन्य साधनों से आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका।

रात्रि गश्त प्रभारी एसआई बिजेंद्र सिंह ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी, जिसके बाद करीब दो घंटे की देरी से दमकल मौके पर पहुंची। पुलिस और दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया, लेकिन तब तक गोदाम में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था।

मौके पर मौजूद रमेश झा और मनीष जैन ने बताया कि रात करीब ढाई से तीन बजे के बीच हाई टेंशन लाइन में फॉल्ट हुआ था, जिसके चलते आरा मशीन मालिक बाबूलाल कुशवाहा और रमेश बघेल के फर्नीचर गोदाम में आग लग गई। लोगों ने मिलकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली।

जीवनभर की पूंजी राख, अब रोजी-रोटी का संकट

इस हादसे में पीड़ितों की जीवनभर की जमा पूंजी पलभर में राख हो गई। फर्नीचर का पूरा स्टॉक नष्ट होने से अब उनके सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

# बागरा में राजपूताना रॉयल्स ने राजपूत क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब जीता

## 4 दिवसीय राजपूत समाज क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** कस्बे के आकोली रोड पर स्थित सांवरिया गोशाला मैदान में गत 4 दिन से चल रही क्षत्रिय राजपूत समाज क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ। 4 दिवसीय इस प्रतियोगिता में क्षेत्र भर की कुल 16 टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ जागनाथ महादेव मंदिर के महन्त महेंद्र भारती ने किया। आयोजक समिति के नरपतसिंह राठौड़ ने बताया कि हर दिन 6 मुकाबले हुए प्रतियोगिता के अन्तिम दिन सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच खेले गए पहला सेमीफाइनल मैच श्री राजपूताना वारियर व एसन एकेडमी बागरा के बीच खेला गया। जिसमें श्री राजपूताना वॉरियर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 103 रन बनाए और 34 रन से मैच को जीत लिया। दूसरा सेमीफाइनल मैच राजपूताना क्रिकेट बेंगलुरु (आरसीबी) व ओम बन्ना टाईगर फोर्स सांचौर के बीच खेला गया, इसमें आरसीबी ने 78 रन से मुकाबला जीत लिया। फाइनल मुकाबला श्री राजपूताना वॉरियर व राजपूताना क्रिकेट बेंगलुरु के बीच में खेला गया, जिसमें श्री राजपूताना वॉरियर पहले बल्लेबाजी करते हुए 49 रन बनाए



जवाब में राजपूताना क्रिकेट बेंगलुरु ने 6 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर 8 विकेट से मुकाबला जीत लिया। जिसमें मैन ऑफ द मैच व प्लेयर ऑफ़ द सीरीज गोविंद सिंह देलासर रहे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में समाज सेवी भबुतसिह राठौड़, जयसिंह दहिया, गंगा सिंह सिंधल, मगसिंह,भेरुसिह काबावत, जोग सिंह परमार,सवसिह मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंच का संचालन कमलेश कुमार ने किया इस दौरान प्रतियोगिता में सहयोग करने वाले भामाशाहों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। 4 दिवसीय इस प्रतियोगिता के दौरान चाय एवं भोजन की व्यवस्था पैरोट ग्रुप बेंगलोर की ओर से की गई। वहीं पेयजल व्यवस्था हरीसिह राठौड़ ने की इस अवसर पर शैतान सिंह राठौड़, गंगा सिंह राठौड़,दलपत सिंह,भगवत सिंह, लाख सिंह, सुरज सिंह,रतन सिंह, गणपतसिंह, ईश्वर सिंह सिंधल, सुरेन्द्र सिंह सिंधल, बालू सिंह, खेतपाल सिंह,विर सिंह समेत कई खेलप्रेमी और समाज बंधु मौजूद रहे।

# जालोर जिले के 45 वर्ष से अधिक आयु के सभी वाहन चालकों का कैम्प लगाकर नेत्र परीक्षण करेंः कलक्टर

## स्कूली वाहनों की फिटनेस संबंधी जांच नियमित रूप से करने के निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में बुधवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने कहा कि जिले में यातायात व सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत और प्रभावी बनाने के लिए कार्य करें। उन्होंने राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में संचालित सड़क सुरक्षा अभियान को प्रभावशाली ढंग से क्रियान्वित करने के लिए परिवहन, पुलिस और सार्वजनिक निर्माण विभाग को संयुक्त रूप से टीम का गठन करते हुए प्रभावी कारवाई करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने के साथ ही दुर्घटनाओं में जनहानि को रोकने के लिए सभी संबंधित विभाग मिलकर कार्य करें। जिला कलक्टर ने परिवहन और पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे ओवरलोडिंग एवं अनाधिकृत वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने के साथ ही स्कूली वाहनों के फिटनेस संबंधी उल्लंघन के मामलों में उचित



कार्यवाही करें व संबंधित विभाग के अधिकारी प्रभावी मॉनिटरिंग के माध्यम से तय करें कि स्कूली वाहनों में क्षमता से अधिक स्कूली बच्चे परिवहन ना करें। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को जिले के 45 वर्ष से अधिक आयु के सभी वाहन चालकों का कैम्प लगाकर नेत्र परीक्षण करने तथा राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट सिस्टम से सुसज्जित एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अधिकारियों को अमृतसर- जामनगर भारतमाला परियोजना पर डिवाइडर पर रेलिंग/सुरक्षा जाल, व्हीकल लेन साइन बोर्ड, स्पीड लिमिट संकेतक की सुनिश्चितता के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी ओम प्रकाश चौधरी ने बताया कि जिलें में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत इस माह कुल 320 लोडिंग वाहनों के पीछे रेडियम निर्मित रिफ्लेक्टर टेप लगाएं तथा 18 ओवरलोड वाहनों का चालान किया व सड़क पर दौड़ती 4 बिना नंबर की गाड़ियों विरुद्ध कार्रवाई की। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्रसिंह इंदोलिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भैराराम जाणी, सार्वजनिक निर्माण विभाग जालोर के अधिशासी अभियंता शंकरलाल सुथार, भीनमाल के अधिशासी अभियंता ओमप्रकाश सुथार, सांचौर के अधिशासी अभियंता प्रदीप पंवार, सहायक अभियंता प्रकाश देवासी, आरएसएचए के तकनीकी मैनेजर अमित सुथार सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अनिमेष ने लेटरल एंट्री सलेक्शन टेस्ट में किया जिला टॉप

जयपुर टाइम्स



**बिजौलियां(निस)।** नवोदय विद्यालय नौवीं कक्षा के लिए लेटरल एंट्री सलेक्शन टेस्ट- 2026 में बिजौलियां कस्बे के अनिमेष जोशी पुत्र महेश जोशी ने जिले में ऑल ओवर मेरिट में पहला स्थान प्राप्त कर बिजौलियां क्षेत्र का नाम रोशन किया।इसकी टेस्ट परीक्षा 7 फरवरी 2026 को श्री गाँधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल गुलाबपुरा में आयोजित की गई थी। बुधवार को परीक्षा परिणाम आने पर परिजनों समेत क्षेत्र में खुशी का माहौल हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत गोरधनपुरा पंचायत समिति कोटपूतली

क्रमांकः- ग्रा.पं.गो. / खु.बो. / 2026-27/11 दिनांक :- 29.04.2026

**खुली बोली सूचना - 1 / 2026-27**

ग्राम पंचायत गोरधनपुरा में वित्तीय वर्ष 2026-27 में विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत निर्माण कार्यों को सम्पादित करानें हेतु राजस्थान पंचायतीराज अधीनियम 1996 के नियम 181 के अन्तर्गत पंचायती राज विभाग / जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग / सार्वजनिक निर्माण विभाग / जन संसाधन विभाग / नगर निगम एवं केन्द्रीय / राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित सीलबन्द लिफाफे में खुली बोली आमंत्रित की जाती है। बोली शुल्क, अमानत / धरोहर राशि, प्रोसेसिंग फीस व बोली विशिष्ठियां का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है ।

NIB No PFE2627A0006
UBN No.- PFE2627WSOB00006-10

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत, गोरधनपुरा**

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
30 अप्रेल, 2026

# 108 एम्बुलेंस सेवा 'बीमार': चूरू में रोजाना आधा दर्जन गाड़ियां गैराज में, सिस्टम पर उठे सवाल

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय पर आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ मानी जाने वाली 108 एम्बुलेंस व्यवस्था खुद सवालों के घेरे में आ गई है। हालात ऐसे हैं कि रोजाना आधा दर्जन एम्बुलेंस खराब हालत में गैराज में खड़ी नजर आती हैं, जिससे आमजन को समय पर चिकित्सा सुविधा मिलने पर संकट खड़ा हो रहा है।

जानकारी के अनुसार शहर में जेल के सामने रीको नंबर एक रोड स्थित एक गैराज में प्रतिदिन कई 108 एम्बुलेंस खड़ी रहती हैं। स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यहां एम्बुलेंस का आना-जाना लगातार लगा रहता है। इतनी बड़ी संख्या में वाहनों का बार-बार खराब होना व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

मरम्मत या 'कुछ और'? उठ रहे सवाल:

एम्बुलेंस में बार-बार क्या खराबी आ रही है, इसका स्पष्ट कारण सामने नहीं आ पाया है।




लोगों के बीच चर्चा है कि यह केवल तकनीकी समस्या है या फिर सिस्टम में किसी प्रकार की अनियमितता या भ्रष्टाचार पनप रहा है। यह स्थिति तब और चिंताजनक हो जाती है, जब ये एम्बुलेंस आपातकालीन सेवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं।

## सेवा प्रभावित, मरीजों पर असर:

एम्बुलेंस की अनुपलब्धता का सीधा असर मरीजों पर पड़ रहा है। जरूरत के समय यदि वाहन उपलब्ध नहीं हों, तो मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो सकता है, जिससे गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं।

## जांच की उठी मांग:

स्थानीय लोगों ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। सवाल उठ रहे हैं कि हर माह कितनी एम्बुलेंस मरम्मत के लिए जाती हैं, उन पर कितना खर्च होता है और क्या वास्तव में सभी वाहन तकनीकी खराबी के कारण ही गैराज पहुंच रहे हैं।

## प्रशासन से अपेक्षा:

जनता का कहना है कि संबंधित विभाग और उच्च अधिकारियों को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। यदि लापरवाही या अनियमितता सामने आती है, तो जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि आपातकालीन सेवाओं की विश्वसनीयता बनी रहे। यह मामला न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया, तो आमजन की सुरक्षा और जीवन दोनों खतरे में पड़ सकते हैं।

# बेनाथा जोगलिया स्कूल में 80 हजार से बना ट्यूबवेल, विद्यार्थियों को मिलेगी राहत



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम बेनाथा जोगलिया के उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाहों के सहयोग से 80 हजार रुपये की लागत से निर्मित नए ट्यूबवेल का उद्घाटन निवर्तमान प्रधान संतोष मेघवाल ने किया। इस अवसर पर प्रधान मेघवाल ने इस पुनीत कार्य के लिए भामाशाहों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी विद्यालय के विकास में सहयोग जारी रखने की कामना की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को समय का सदुपयोग कर मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रधानाचार्य आरती मेहरा ने बताया कि ट्यूबवेल का निर्माण पंडित भंवरलाल पलौड़ व उनकी धर्मपत्नी गीता देवी पलौड़ की स्मृति में उनके पुत्र रामकिशन शर्मा और राधेश्याम शर्मा की ओर से करवाया गया है। ट्यूबवेल बनने से अब विद्यालय में पानी की समस्या समाप्त हो जाएगी और पेड़-पौधों की सिंचाई भी सुचारु रूप से हो सकेगी। कार्यक्रम के दौरान दुर्गाराम गोदारा, रतनलाल नेहरा, नवल सिंह राठौड़, पुरखाराम गोदारा, यादवेंद्र सिंह, प्रेम सिंह, लादूराम गोदारा सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक सांवरमल रेगर ने किया।

# खेमका सती मार्ग पर जमा गंदा पानी बना आमजन के जी का जंजाल



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय खेमका सती मन्दिर के पास अवरूद्ध नाले में जमा गंदे पानी से वाहन चालकों और आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार बड़ौदा बैंक के पास पिछले कई दिनों से गंदे पानी का चैंबर ब्लॉक होने के कारण शहरवासियों के जी का जंजाल बना हुआ। बता दें कि यह चैंबर नगरपरिषद् प्रशासन के गले की फांस बना हुआ है। हर तीसरे दिन नगरपरिषद् कर्मचारी यहां लगे रहते हैं फिर भी इस समस्या का स्थाई समाधान आज तक नहीं हुआ है। इस जमा गंदे पानी के कारण यहां आसपास के दुकानदारों और कॉलोनीवासियों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आपकों बता दें कि यह बाजार का मुख्य मार्ग है और यह मार्ग शहर की गांधी कॉलॉनी, पुनियां कॉलोनी, शर्मा कॉलोनी आदि को जोड़ता है।

# जनगणना-2027 की तैयारियां तेज: अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न, 1 मई से स्व-गणना अभियान



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण की तैयारियों को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उपखंड अधिकारियों व चार्ज अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण जनगणना कार्य के सहायक निदेशक विशाल गर्ग द्वारा दिया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी हरिराम मीना ने बताया कि प्रथम चरण के तहत 1 मई से 15 मई तक स्व-गणना अभियान चलाया जाएगा, जिसमें आमजन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद 16 मई से 14 जून तक प्रगणकों द्वारा फील्ड वर्क किया जाएगा। प्रशिक्षण में अधिकारियों को जनगणना की प्रक्रिया, उद्देश्य, डेटा की गोपनीयता, एचएलओ एप के उपयोग और जनगणना अनुसूचियों के संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई। पीपीटी के माध्यम से मकान सूचीकरण एवं गणना की प्रक्रिया को समझाया गया, ताकि कार्य को निर्धारित समय में सटीक और पारदर्शी ढंग से पूरा किया जा सके। इस दौरान आगामी प्रगणक व पर्यवेक्षक प्रशिक्षण की रूपरेखा भी साझा की गई। प्रशिक्षण में जिले के सभी उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, आयुक्त, अधिशासी अधिकारी, उपनिदेशक एवं उपजिला जनगणना अधिकारी (आर्थिक एवं सांख्यिकी) राजेश कुमार सहित जनगणना प्रकोष्ठ के कार्मिक मौजूद रहे।

# आज 4 घण्टे विद्युत सप्लाई बंद रहेगी

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा क्षेत्र में गुरुवार को सुबह 7 से 11बजे तक 33 केवी मंडावा फीडर का शटडाउन रहेगा। इसके कारण मंडावा जीएसएस से चलने वाले सभी 11 केवी फीडर सुबह 7 से 11 बजे तक बंद रहेंगे। यह जानकारी विद्युत निगम मण्डावा के कनिष्ठ अभियन्ता अजय जांगिड़ ने दी।

# करंट की चपेट में आए पिता-पुत्र की मौत, बचाने दौड़ी पत्नी गंभीर घायल

जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत रूपेली में बुधवार सुबह एक हृदयविदारक हादसे में करंट की चपेट में आने से पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर छा गई। जानकारी के अनुसार पोकरमल (53) पुत्र मगाराम जाट सुबह करीब 6 बजे नहाने के बाद घर के बाहर लोहे की तार से बनी तंणी पर कपड़े सुखा रहे थे। इसी दौरान अचानक तार में करंट प्रवाहित हो गया और वे उसकी चपेट में आ गए। पिता को बचाने के प्रयास में उनका 20 वर्षीय पुत्र पंकज और पत्नी चुन्नी देवी भी करंट की चपेट में आ गए। हादसे के बाद परिजन और ग्रामीण तुरंत तीनों को सुजानगढ़ अस्पताल लेकर पहुंचे,



जहां चिकित्सकों ने पोकरमल और पंकज को मृत घोषित कर दिया। वहीं चुन्नी देवी का उपचार जारी है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलने पर बीदासर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के भतीजे घनाराम की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मंगलवार रात आई तेज आंधी-बारिश के चलते लोहे



की तार में करंट प्रवाहित हो गया, जिससे यह हादसा हुआ।

परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

मृतक पोकरमल खेती-बाड़ी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनके पांच बेटों में पंकज सबसे छोटा था, जबकि अन्य चार बेटे बाहर काम करते हैं। दोनों के शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अन्य बेटों के आने के बाद गुरुवार को पिता-पुत्र का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# ऑपरेशन 'प्रवर्तन' में बड़ी कार्रवाई: अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर पर छापा, 35 सिलेंडर जब्त; दो के खिलाफ एफआईआर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** घरेलू व व्यवसायिक गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध रिफिलिंग पर लगाम कसने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। 'ऑपरेशन प्रवर्तन' के तहत बुधवार को सांगानेर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रिफिलिंग सेंटर का भंडाफोड़ किया गया, जहां से 35 गैस सिलेंडर सहित उपकरण जब्त किए गए। जिला कलक्टर संदेश नायक के निर्देशन में जिला रसद अधिकारी (जयपुर प्रथम) की ओर से गठित विशेष प्रवर्तन दल ने पुलिस थाना सांगानेर सदर से मिली सूचना के आधार पर गोविंदपुरा (बक्शावाला) स्थित शिकारपुरा रोड पर संयुक्त कार्रवाई की। टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से संचालित गैस रिफिलिंग केंद्र पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान 35 घरेलू व व्यवसायिक गैस सिलेंडर, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा और एक इलेक्ट्रॉनिक मोटर जब्त की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि बिना किसी सुरक्षा मानकों के यह अवैध गतिविधि संचालित की जा रही थी, जो आसपास के लोगों के लिए बड़े हादसे का कारण बन सकती थी। प्रशासन ने इस मामले में संलिप्त दो व्यक्तियों के खिलाफ सांगानेर सदर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह के अवैध रिफिलिंग केंद्र शहर में आगजनी और विस्फोट जैसी घटनाओं के प्रमुख कारण



बनते हैं, जिससे जन-धन की भारी हानि हो सकती है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध भंडारण, कालाबाजारी और रिफिलिंग के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आमजन से अपील की गई है कि वे ऐसी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# घर में घुसकर वृध्दा से लूट करने वाले को 4 साल का कठोर कारावास

जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना/पाटन।** घर में घुसकर वृद्ध महिला पर चाकू से हमला कर नकदी लूटने के मामले में अपर जिला एवं सेशन न्यायालय क्रम संख्या-2, नीमकाथाना की न्यायाधीश पूनम शर्मा ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए कठोर सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी मुकेश पुत्र कल्याण निवासी गिरवा (तहसील लहार, जिला भिण्ड, मध्यप्रदेश) को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में दोषसिद्ध करते हुए धारा 394 में 4 वर्ष का कठोर कारावास व 25 हजार रुपए जुर्माना, धारा 452 में 3 वर्ष का साधारण कारावास व 10 हजार रुपए जुर्माना, धारा 308 में 3 वर्ष का साधारण कारावास व 25 हजार रुपए जुर्माना तथा धारा 323 में 6 माह का साधारण कारावास व 1 हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया। जुर्माना अदा नहीं करने पर अलग-अलग अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। न्यायालय ने कुल जुर्माने में से 50 हजार रुपए परिवादी को प्रतिकर के रूप में देने के आदेश भी दिए हैं। प्रकरण के अनुसार परिवादी रामखिलोने ने 22 जून 2016 को थाना थोई में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि वह ग्राम चिपलाटा में किराए के मकान में रहकर पताशी बेचने का कार्य करता है। 21 जून को वह साथी रविन्द्र के साथ ठेला लेकर बाहर गया हुआ था। इसी दौरान आरोपी ने फोन कर उसकी जानकारी ली। बाद में जब वह घर पहुंचा तो उसकी मां गंभीर हालत में पड़ी मिली। घायल मां ने बताया कि आरोपी मुकेश ने घर में घुसकर चाकू से हमला किया और 8 हजार रुपए लूटकर फरार हो गया।

## 13 गवाह, 28 दस्तावेज पेश:

मामले में पुलिस ने जांच के बाद आरोप पत्र पेश किया। न्यायालय में अभियोजन पक्ष की ओर से 13 गवाहों के बयान दर्ज कराए गए, 28 दस्तावेज प्रस्तुत किए गए तथा 6 सामग्री साक्ष्य पेश किए गए। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि आरोपी परिवादी का परिचित होने के बावजूद विश्वास का दुरुपयोग करते हुए उसके घर में घुसा और बुजुर्ग महिला पर धारदार हथियार से हमला किया। यह कृत्य समाज में आपसी विश्वास को कमजोर करने वाला है। प्रकरण में राज्य की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक रामसिंह गुर्जर ने की।

# नीट-2026 के लिए प्रशासन-पुलिस अलर्ट नोडल अधिकारी व ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**धौलपुर(निस)।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित होने वाली नीट-2026 परीक्षा के सफल और निष्पक्ष संचालन के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि परीक्षा 3 मई को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक जिले के निर्धारित केंद्रों पर आयोजित होगी। परीक्षा के सुचारू संचालन, मॉनिटरिंग और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी को नोडल अधिकारी (जिला प्रशासन) तथा जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान को नोडल अधिकारी (पुलिस प्रशासन) नियुक्त किया गया है। इसके अलावा अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना को सहायक नोडल अधिकारी तथा निजी सहायक चेतन अग्रवाल को सहयोगी कर्मचारी बनाया गया है।

## जिला कारागृह का औचक निरीक्षण

# न्यायिक अधिकारियों ने परखी व्यवस्थाएं, बंदियों को दी विधिक सहायता की जानकारी



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला व सेशन न्यायाधीश संजीव मागो के नेतृत्व में न्यायिक अधिकारियों की टीम ने मंगलवार को जिला कारागृह का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण का उद्देश्य बंदियों की स्थिति, मूलभूत सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं तथा निःशुल्क विधिक सहायता की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना रहा। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों एवं NALSA SPRUHA योजना 2025 के तहत किए गए इस निरीक्षण में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्योति सिंह मीणा भी शामिल रहीं। अधिकारियों ने जेल में स्थापित लीगल एड क्लीनिक की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न बैरकों में जाकर बंदियों से संवाद किया और उनके मामलों, जमानत, अपील एवं आगामी पेशियों की जानकारी ली। जिन बंदियों को अधिवक्ता उपलब्ध नहीं था, उनके लिए निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। अधिकारियों ने बंदियों की शिकायतें भी सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए कारागार प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान बंदियों को NALSA SPRUHA योजना के तहत मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई, जिसमें निःशुल्क अधिवक्ता, कानूनी सहायता एवं पुनर्वास संबंधी प्रावधान शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान रसोईघर का भी जायजा लिया गया। भोजन की गुणवत्ता, मात्रा, पोषण स्तर एवं स्वच्छता मानकों की जांच की गई तथा बंदियों से भोजन की गुणवत्ता के संबंध में फीडबैक लिया गया।

इस अवसर पर चीफ एलएडीसी अमित कमठान, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल पप्पू गुर्जर, असिस्टेंट एलएडीसी मीता अग्रवाल, आराधना शर्मा, दीपक सिंह सिकरवार, स्टेनो राहुल डंडौतिया, जेल अधीक्षक सुमन कुमारी मीणा सहित कारागार स्टाफ मौजूद रहा।

# टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा: 100 दिवसीय विशेष अभियान तेज करने के निर्देश

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य भवन में 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत चल रहे 100 दिवसीय विशेष अभियान की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलेभर में संचालित टीबी उन्मूलन गतिविधियों का व्यापक आकलन करते हुए अभियान को और गति देने पर जोर दिया गया। बैठक में निदेशालय चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाएं, राजस्थान जयपुर से राज्य स्तरीय टीम के प्रतिनिधि चन्द्र प्रकाश



(एएसपीओ-एनटीईपी) एवं जितेंद्र गौतम (स्टेट लीड, पिरामल स्वास्थ्य) विशेष रूप से उपस्थित रहे। टीम ने फील्ड स्तर पर स्क्रीनिंग को सघन करने, संभावित मरीजों की शीघ्र पहचान, जांच सेवाओं को मजबूत करने तथा उपचाराधीन मरीजों के नियमित फॉलो-अप पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही मरीजों को समय पर दवा उपलब्धता और पोषण सहायता योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी जोर दिया गया। सीएमएचओ डॉ. धर्मसिंह मीणा ने कहा कि 'टीबी मुक्त भारत' एक जनस्वास्थ्य से जुड़ा महत्वपूर्ण संकल्प है, जिसे सभी अधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों के समन्वित प्रयासों से ही हासिल किया जा सकता है। उन्होंने अभियान को मिशन मोड में संचालित करने और प्रत्येक संभावित मरीज तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के निर्देश दिए। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. गोविंद सिंह मीणा ने जिले में चल रही गतिविधियों–सक्रिय केस फाइंडिंग, घर-घर स्क्रीनिंग, सैंपल जांच, उपचार और नियमित फॉलो-अप–की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत अधिकाधिक मरीजों की पहचान कर उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध कराने पर फोकस किया जा रहा है। बैठक में उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाने, जनजागरूकता बढ़ाने, निजी स्वास्थ्य संस्थानों के सहयोग को मजबूत करने और डेटा मॉनिटरिंग को प्रभावी बनाने जैसे बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर डॉ. गोरेलाल मीणा, डीपीसी प्रेम सैनी सहित अन्य अधिकारी व स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।